● जयपुर, मंगलवार 7 जनवरी 25 ● वर्ष 14 ● अंक 140 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 अज़मेर दरगाह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से 7 जनवरी को पेश ...
पेज @4 दिल्ली में सिर्फ़ एक ही आवाज़ गूंज रही है, आप-दा नहीं सहेंगे : पीएम मोदी...
पेज @8 राज्य सरकार आधारभूत ढाँचे को मज़बूत कर अर्थव्यवस्था को...

न्यूज़ अपडेट

## रहस्यमयी परिस्थिति में आईआईएम-बी छात्र की मौत, दोस्तों के साथ रात को केक काटकर मनाया था जन्मदिन

**बेंगलुरु/एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु (आईआईएम-बी) में एक छात्र की रहस्यमयी मौत ने पूरे परिसर को शोक में डुबा दिया है। 29 वर्षीय निलय कैलाशभाई पटेल, जो पीजीपी 2023-25 बैच के छात्र थे, रविवार तड×के अपने छात्रावास परिसर में मृत पाए गए।
पुलिस के अनुसार, पटेल ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर दोस्तों के साथ जश्न मनाया था और उसके बाद अपने कमरे में चले गए थे। सुबह उन्हें हॉस्टल के लॉन में बेहोश पाया गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।
शुरुआती जांच में पता चला है कि पटेल संभवतः हॉस्टल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से गिर गए थे। हालांकि, उनके शरीर पर कोई बड़ी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सही कारण का पता चल सके।

## रेलवे ने पेश की मानवता की मिसाल, कोच से गिरे यात्री को उठाने के लिए 1 किमी रिवर्स चलाई ट्रेन

**नई दिल्ली/एजेंसी।** एक दुर्लभ घटना में, एक यात्री को बचाने के लिए एक ट्रेन को लगभग एक किलोमीटर पीछे चलाना पड़ा। यह घटना महाराष्ट्र में हुई, जहां तपोवन एक्सप्रेस के एक कोच से गिर गए एक यात्री को बचाने के लिए ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया। हालांकि, दुखद रूप से, घायल यात्री को बचाया नहीं जा सका और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।
शनिवार सुबह करीब 11 बजे, जब ट्रेन मनमाड जंक्शन पहुंची, तो एक यात्री, सरवर शेख (30 वर्ष, उत्तर प्रदेश) कोच से गिर गया। इस घटना के बाद, ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचित किया। लोको पायलट ने नियंत्रण कक्ष से अनुमति लेकर ट्रेन को रिवर्स में चलाया और घायल यात्री तक पहुंचा। ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों की मदद से सरवर शेख को ढूंढा गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं पाया। इस घटना के बाद, भारतीय रेलवे की मानवता की इस पहल की काफी प्रशंसा हुई है। हालांकि, यात्री की मृत्यु ने सभी को दुखी कर दिया है।

## गुजरात में मिला एचएमपीवी वायरस का पहला मामला

# दो महीने के बच्चे में मिले लक्षण, सरकार ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारत में भी 'ह्यूमनमेटान्यूमो वायरस' (एचएमपीवी) से संक्रमित मरीज सामने लगे हैं। कर्नाटक के बाद अब गुजरात में एक दो महीने का बच्चा एचएमपीवी से पॉजिटिव पाया गया है। अहमदाबाद के चांदखेड़ा के निजी हॉस्पिटल में बच्चे को दाखिल किया गया है। हालांकि बच्चे की तबियत स्थिर है। हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार अभी घबराने की जरूरत नहीं है।

जानकारी के अनुसार बच्चे की तबियत पिछले 15 दिनों से सर्दी-बुखार के कारण खराब थी। तबियत में सुधार नहीं होता देख परिजनों ने उसे अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित ऑरेंज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बच्चे के परिजन अरवल्ली जिले की मोडासा



तहसील के एक गांव के रहने वाले हैं। हॉस्पिटल के डॉ नीरव पटेल ने बताया कि बच्चे को 5 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया था। अलग-अलग वायरस के सक्रिय होने के कारण बच्चे की रिपोर्ट कराई गई। लेबोरेटरी की जांच में बच्चे को एचएमपीवी से संक्रमित होने की जानकारी मिली है। फिलहाल बच्चे की तबियत स्थिर है और घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सर्दी, श्वास लेने में तकलीफ या छींक आ रही हो तो उन्हें मास्क पहनना चाहिए।

### एचएमपीवी को लेकर एडवाइजरी जारी

दूसरी ओर मामले में गुजरात सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह वायरस पुराना है जो कि 2001 से है। चीन में वायरस अधिक फैला है। कोविड की तुलना में इसका माइल्ड लक्षण है। हॉस्पिटल में इसकी जांच की व्यवस्था की जाएगी। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि बच्चे की जांच सरकारी लैब में नहीं हुई है। निजी हॉस्पिटल में यह केस सामने आया है। हालांकि निजी हॉस्पिटल की रिपोर्ट पर शंका करने की कोई जरूरत नहीं है। वहीं अब गुजरात सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एचएमपीवी को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

## प्रधानमंत्री ने नये जम्मू रेलवे मंडल और चरलापल्ली स्थित नये टर्मिनल का किया उद्घाटन

# वह समय दूर नहीं जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी : मोदी

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।
प्रधानमंत्री सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्टक्रचर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं,



**कहा, देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा**

**रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में आया बड़ा बदलाव**

रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है। मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल के तौर पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि यह देखकर सभी देशवासियों को अच्छा लग रहा है। मोदी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। इसके अलावा, हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार किया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। साथ ही सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं, इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज, देशभर में 136 वंदे भारत ट्रेनें 50 से अधिक मार्गों पर चल रही हैं, जिससे लोगों को यात्रा करना आरामदायक हो गई है।

## पीएम मोदी, अमित शाह और खड़गे समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

सिख धर्म के 10वें गुरु, महान योद्धा गुरु गोबिंद सिंह जी का सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खड×गे और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करता हूं। उनके विचार हमें एक प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।
वहीं, अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दशम गुरु सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। संस्कृति, स्वधर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी कट्टरपंथी आक्रांताओं के सामने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। त्याग, वीरता और समर्पण का प्रतीक उनका जीवन अनंतकाल तक सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा। जेपी नड्डा ने कहा, सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। महान संत, सिख समाज के दशम गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने दिया बड़ी घटना को अंजाम

# आईईडी विस्फोट में आठ जवान शहीद

● घटना में एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी मौत



एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार को दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की मौत हो गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है। रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान आज वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आज दोपहर 14:15 बजे आईईडी से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कार्पियो वाहन को उड़ाकर वारदात को अंजाम दिया। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी मौत हो गई। वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गए। बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वाहन कई फीट तक ऊपर उछल गया और जमीन में भी कई फीट का गड्ढा हो गया।

### जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए नक्सली हमले में डीआरजी के जवानों की शहादत पर दुख जताया। गृहमंत्री शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

# तिरुपति : एंबुलेंस ने पैदल मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मारी, दो महिलाओं की मौत

**तिरुपति/एजेंसी।**

तिरुपति जिले में सोमवार को एक 108 एंबुलेंस ने श्रद्धालुओं के समूह को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एंबुलेंस ने पैदल तिरुमाला मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं के एक समूह को टक्कर मार दी। यह दुर्घटना चंद्रगिरी मंडल के नरसिंहपुरम के पास हुई। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। मृतक महिलाओं की पहचान अन्नामय्या जिले के रामसमुद्रम मंडल के चंपलपल्ली निवासी पेड्डा रेड्डम्मा (40) और लक्ष्मम्मा (45) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों को तिरुपति के रुइया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
श्रद्धालु पुंगनूर से तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर जा रहे थे, जबकि एंबुलेंस मदनपल्ली से एक मरीज को लेकर तिरुपति जा रही थी। दुर्घटना का सटीक कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस को संदेह है कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह दुर्घटना हुई।

# यूपी में कड़ाके की सर्दी, लोग ठंड से बचने के लिए ले रहे आग का सहारा



**प्रयागराज/एजेंसी।**

पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आने वाले दिनों में सर्दी के और भी बढने् की संभावना है।
पिछले कई दिनों से चल रही सर्द हवाएं लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रही हैं। ठंड ने लोगों की रातों की नींद उड़ा रखी है। तापमान इतना नीचे गिर गया है कि लोगों को प्रयागराज में लेह, लद्दाख, शिमला, मनाली की ठंड का एहसास होने लगा है।
मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तरह जारी रहने की संभावना जताई है। यूपी में बीते कई दिनों में लोगों को सूर्य के दर्शन नाम मात्र के हुए हैं। सुबह के समय घना कोहरा होता, जिससे रोड पर वाहनों को रफ्तार भी थम जाती है। वहीं, सर्द हवाएं सर्दी और ज्यादा बढ़ाने का काम कर रही हैं।
प्रयागराज के एक व्यक्ति ने बातचीत करते हुए कहा कि इस समय ठंड काफी बढ़ गई है। लोगों को ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि, नगर निगम की तरफ से अलाव की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन कुछ इलाकों में ये व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते हम लोग खुद ही लकड़ी ला कर जला रहे है। उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों और राहगीरों को ठंड से बचने लिए आग का सहारा मिल सके। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि इस समय कड़ाकी की सर्दी पड़ रही है। लकड़ी की व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग घर से लकड़ी इक्ा करके जलाते हैं और आने जाने वाले लोग यहां पर ठंड से बचने लिए आग का सहारा लेते हैं।उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए, क्योंकि हर आने वाले दिन में सर्दी बढ़ती जा रही है।

## 15वां संस्करण बेंगलुरु के एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में

# एशिया की सबसे बड़ी हथियार प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' 10 से 14 फरवरी तक

**नयी दिल्ली । एजेंसी**

एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में आयोजित किया जाएगा। इस बार की थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज' रखी गई है, जिसमें विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के नए मार्ग तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में भारत रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
रक्षा मंत्रालय के अनुसार एयरो इंडिया ने 1996 से अब तक 14 संस्करणों के साथ प्रमुख एयरोस्पेस प्रदर्शनी के रूप में विश्व स्तर पर अपनी जगह बना ली है। कार्यक्रम के पहले तीन दिन 10, 11 एवं 12




■ **मित्र देशों के साथ रक्षा और एयरोस्पेस संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा**

■ **इस बार की थीम है 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज'**

फरवरी को व्यावसायिक दिन होंगे, जबकि 13 एवं 14 फरवरी को आमजन मेले के साक्षी बन सकेंगे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मंथन स्टार्ट-अप कार्यक्रम, शानदार एयर शो होगा। इसके अलावा भारत 'ब्रिज-अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना' विषय पर मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

### भारत में विनिर्माण के लिए उचित मंच मिलने की उम्मीद

इस कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस दौरान मित्र देशों के साथ रक्षा और एयरोस्पेस संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नए रास्ते तलाशे जा सकें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोलमेज सम्मेलन से विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को भारत में विनिर्माण के लिए उचित मंच मिलने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में वैश्विक सीईओ, घरेलू सार्वजनिक उपक्रमों के सीएमडी और भारत की प्रमुख निजी रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण कंपनियों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भाग लेंगे।

### भारतीय स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर फोकस होगा

इंडिया पवेलियन में स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं और वैश्विक मंच के लिए तैयार अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन करके 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। एयरो इंडिया में भारतीय स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर फोकस होगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कई सेमिनारों की भी योजना बनाई गई है।

# डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती

डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिन्ता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे–जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे–वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता–पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिये एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम है।

पांच वर्ष से अठारह वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी एडिक्शन की लत बढ़ रही है, जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गए, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर पेरेंट्स पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज़्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों ना हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया। इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम व छोटे बच्चों को अपने जाल में फंसाएगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद ज़रूरी है।

मोबाइल की स्क्रिन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा–चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाली बचपन की ओर ले जाना होगा। ऐसा करने से उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे तथाकथित इंटरनेट से जुड़े खतरों से दूर होते चले जाएंगे। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग की वजह से साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। हमारी सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां इन अपराधों से निपटने में विफल साबित हो रही हैं। आज के डिजिटल युग में, माता–पिता के पालन–पोषण का तरीका भी काफी हद तक बदल गया है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन–पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता–पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन–पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता–पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ़ मनोरंजन के बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित करके, हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह, वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आस–पास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गई है। लोग अपने फोन एवं इन्टरनेट का इस्तेमाल खाना खाते समय, लिविंग रूम में और यहां तक कि परिवार के साथ बैठकर उपयोग करते हैं। कम से कम अस्सी प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अपने फोन पर तब भी होते हैं, जब वे अपने बच्चों के साथ समय बिता रहे होते हैं और वे अपने बच्चों, परिवेश पर ध्यान नहीं देते हैं और जब उनके बच्चे उनसे कुछ पूछते हैं तो वे चिढ़ जाते हैं।

दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता–पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गैमस्- की आदत भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और लोगों के बीच इसे लेकर चिंता बढ़ रही हैं। इसलिये दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने पर गंभीरता से विचार करें। आज इंटरनेट का दायरा इतना असीमित है कि अगर उसमें सारी सकारात्मक उपयोग की सामग्री उपलब्ध हैं तो बेहद नुकसानदेह, आपराधिक और सोचने–समझने की प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियां भी बहुतायत में मौजूद हैं। आवश्यक सलाह या निर्देश के अभाव में बच्चे ऑनलाइन गेम या दूसरी इंटरनेट गतिविधियों के तिलिस्मी दुनिया में एक बार जब उलझ जाते हैं तो उससे निकला मुश्किल हो जाता है।

# महिलाओं को सशक्त बनाना मंईयां सम्मान का उद्देश्य

**हेमंत सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखंड**




आज से पांच महीने पहले शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण आर्थिक पुनरुद्धार एवं राज्य के सर्वांगीण विकास यात्रा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। आज का यह दिन इसलिए अभूतपूर्व है क्यूंकि आज से राज्य की सभी बहनों (18–50 वर्ष) के खातों में मेरे वादे के अनुसार 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुंचनी शुरू हो जाएगी। यह उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का प्रथम कदम अवश्य है।

आज मैं आपसे मंईयां सम्मान योजना सृजन के पीछे के उद्देश्य को साझा करना चाहता हूं कि आखिर क्यों झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। पर इस क्रांतिकारी योजना के महत्व को समझने के लिए झारखंड के सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि को समझा जाना नितांत आवशयक है। दशकों से हमारे राज्य ने ग्रामीण परिवारों पर शोषक साहूकारों के विनाशकारी प्रभाव को देखा है, जिसमें महिलाएं कर्ज से उत्पन्न गरीबी का असहनीय बोझ उठाती रही हैं। मैंने खुद महसूस किया है कि हमारे राज्य की करीब–करीब हर महिला अपने बच्चों की पढ़ाई या दवाई के लिए महाजनों से कर्ज लेती थीं और बाद में ब्याज के दलदल में फंस कर मजदूरी या हड़िया दारू बेचने में ही अपने जीवन का स्वर्णिम समय बिता दिया। मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में 1970 के दशक में महाजनों के विरोध में चलाए गए आंदोलन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कर्ज ने पीढ़ियों को गरीबी के चक्र में फंसा दिया। कर्ज के कारण बंधुआ मजदूरी करनी पड़ी और पैतृक भूमि तक छिनी गई। यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मंईयां सम्मान योजना शोषक साहूकारी प्रथाओं के खिलाफ मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के ऐतिहासिक संघर्ष की विरासत को जारी रखने में एक साहसिक कदम है। जैसा की मैंने ऊपर बताया – आज इस सार्वभौमिक योजना के पांचवें महीने में, 18–50 वर्ष की आयु की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक प्रदान की जाएगी। यानि वर्ष में 30,000 रुपये, बिना किसी देरी और बिना किसी को ख़ुशामद किए हुए। मंईयां सम्मान के माध्यम से हम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को लक्षित कर उनके वित्तीय स्वतंत्रता के इस संघर्ष में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। तस्वीर बदल रही है। मेरी बहनों, दीदियों के चेहरे पर मंईयां सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी बन रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था पुनः चल पड़ी है।

सार्वभौमिकता ना सिर्फ इस योजना की प्रकृति है बल्कि इसकी आधार शक्ति भी है। यही वजह है कि किसी महिला की आर्थिक स्थिति को इस योजना के योग्यता के मानक में शामिल किए बिना, बिना जटिल कागज़ी प्रक्रिया के– 18 से 50 आयु वर्ग की सभी महिलाओं को मंईयां योजना का हकदार बनाकर आपकी अबुआ सरकार ने उन त्रुटियों को समाप्त कर दिया है जो पूर्व में कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य को हासिल करने में बाधक बनती थी। यह सार्वभौमिक योजना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करती है। मेरा अटूट विश्वास है कि एक परिवार की 18–50 वर्ष की हर बहन को 2,500 रुपये मासिक और 30,000 रुपये सालाना उपलब्ध कराने से परिवार की आय में परिवर्तनकारी वृद्धि होगी, विशेष रूप से झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता पारंपरिक रूप से बहुत सीमित रही है। वैश्विक आर्थिक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। महिलाएं आमतौर पर पुरुषों की तुलना में परिवार के कल्याण में अपनी आय का अधिक हिस्सा निवेश करती हैं। महिलाओं का यह गुण मंईयां सम्मान को एक साधारण कल्याण योजना की बजाय झारखंड की भावी पीढ़ियों के लिए एक रणनीतिक निवेश साबित होगी। निश्चित रूप से यह योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है। इस योजना के वित्तीय समावेशन का पहलू विशेष ध्यान देने योग्य है। महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण से हम पहली बार लाखों महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में ला रहे हैं। इस समावेशन के कई लाभ हैं– बैंकिंग क्रेडिट हिस्ट्री बनने से उचित दरों पर ऋण की उपलब्धता हो पाएगी। इसका प्रभाव व्यक्तिगत लाभ से परे है; यह ग्रामीण झारखंड के पूरे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जबकि शोषक साहूकारों की पकड़ को व्यवस्थित रूप से कमजोर करता है। मेरा मानना है कि महामारी के बाद मंईयां सम्मान योजना लागू होने का यह समय ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोविड–19 का आर्थिक प्रभाव विशेष रूप से लिंग आधारित रहा है। महिलाओं को नौकरी छूटने और आय के अवसरों में कमी का अनावश्यक बोझ उठाना पड़ा है। आर्थिक सुरक्षा के साथ साथ यह योजना उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करती है। जब महिलाओं के पास क्रय शक्ति होती है, तो स्थानीय बाजार फलते–फूलते हैं, जिससे आर्थिक विकास का एक अच्छा चक्र बनता है। इसकी मजबूत नींव आपकी अबुआ सरकार ने रख दी है।

सरकार के इस तरह के सार्वभौमिक कार्यक्रम के राजकोषीय निहितार्थों पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को इसे केवल व्यय की बजाय, एक निवेश के रूप में जानना समझना चाहिए। इस योजना पर खर्च की जा रही राशि हमें कई रूपों में वापस मिलेगी– जैसे आकस्मिक स्वास्थ्य समस्त पर कम खर्च, परिवार में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर पोषण को बढ़ावा एवं इसके कारण कम सामाजिक कल्याण खर्च के रूप में। इसके अलावा, बढ़ी हुई खपत के माध्यम से उत्पन्न आर्थिक गतिविधि कर राजस्व को बढ़ावा देगी। यह एक वाइब्रेंट स्थानीय अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूती देगी जिसका खाका मेरी सरकार ने खींच लिया है। योजनाओं को लेकर हमारा यह दृष्टिकोण कल्याणकारी राज्य की सोच में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी समाज के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए यह अनिवार्य है की लोगों की ज़रूरत को समझा जाए, और यह तय करने के पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के बजाय, हम महिलाओं पर अपने परिवारों के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने पर भरोसा करते हैं। नियमित आय का प्रवाह महिलाओं को उनकी अपनी परिस्थितियों के अनुकूल योजना बनाने, बचत करने और निवेश करने में सक्षम बनाता है। जिससे वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है। इस योजना का 'मंईयां सम्मान' नाम आर्थिक तौर पर मजबूत नींव प्रदान करते हुए, हमारी झारखंडी विरासत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। हमारे देश के अन्य हिस्सों में और साथ ही झारखंड में, महिलाएं घरेलू काम, बच्चों की देखभाल और कृषि गतिविधियों में अनगिनत घंटे बिताती हैं– ऐसे योगदान को ऐतिहासिक रूप से स्वीकारा नहीं गया, ना ही इसके लाभ दिए गए। यह मासिक भुगतान इस तरह की केयर इकोनॉमी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनके काम के लिए कुछ हद तक आर्थिक मान्यता प्रदान करता है। मैं मंईयां सम्मान का समर्थन करने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय भी करना चाहता हूं। प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए आज के सूचना तकनीक का लाभ उठाकर, हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में पहले हुए कमियों को दूर करने का प्रयास भी कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों की पहुंच महिलाओं के बीच वित्तीय और तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देती है, उन्हें तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करती है। वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण का संयोजन हमारी महिलाओं को वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए तैयार करता है। ऐसे ही तो बनेगा सोना झारखंड।

इस योजना के पर्यावरणीय निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं– शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं के पास अधिक आर्थिक तंत्र होती है, तो वे संसाधन प्रबंधन में अधिक टिकाऊ विकल्प चुनती हैं। झारखंड के संदर्भ में, जहां महिलाएं पारंपरिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वहां बेहतर वन संरक्षण, अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियां और बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हो सकता है। श्रम बाज़ार के परिणाम भी यहां उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुनियादी आय की गारंटी के साथ महिलाएं अपनी रोज़गार वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति प्राप्त करती हैं। वे शोषणकारी कार्य स्थितियों को अस्वीकार कर सकती हैं। साथ ही बेहतर काम के अवसरों की तलाश में समय लगा सकती हैं। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने की स्थिति और मजदूरी में धीरे–धीरे सुधार हो सकता है, जहां हमारी कई महिलाएं कार्यरत हैं।


साथ ही मैं सबको आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस अभूतपूर्व पहल को लागू करते समय, हम आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सचेत हैं। योजना का सुचारू रूप से जारी रखना, साथ ही पूरी पारदर्शिता बनाए रखना एवं राज्य के खजाने को बिना किसी पर भार दिए भरना और इस योजना की सार्थकता को लगातार मापने हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि योजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो, हम फीडबैक और परिणामों के आधार पर नियमित मूल्यांकन और समायोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंईयां सम्मान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है– यह झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, हम सिर्फ शोषक साहूकारों से मुक्ति के आंदोलन के अगुवा आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने को ही पूरा नहीं कर रहे हैं; हम एक ज़्यादा न्यायसंगत, समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की नींव रख रहे हैं। यह पहल दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल कायम करती है और संभावित रूप से सार्वभौमिक बुनियादी आय और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय विमर्श को आकार देती है। झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आज़ादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं। जय हिंद, जय झारखंड।

# डिजिटली भुगतान के फायदे और जोखिम



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उदय परिवर्तनकारी रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2023–24 में यूपीआई लेनदेन 11.5 बिलियन (( 26.9 लाख करोड़) से अधिक हो गया। दो थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स फोन–पे और गूगल–पे के बीच बाजार का संकेन्द्रण यूपीआई लेनदेन के 80 फीसद से अधिक को नियंत्रित करता है।यह चिंता का विषय है। निश्चिततौर पर यूपीआई के चलन ने डिजिटली भुगतान में क्रांति ला दी है। अगस्त 2024 में यूपीआई के माध्यम से 20.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ। यह भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसके व्यापक महत्व को दर्शाता है। इसकी खास बात यह है कि यूपीआई यूजर को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ा। यही बात इसके पक्ष में जाती है। यूपीआई का लागत मुक्त मॉडल ग्रामीण भारत तक पहुंच गया है। इसने छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को सशक्त बनाया है। स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर भी अब डिजिटली भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटली वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत




एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफार्म प्रदान करके निश्चिततौर पर महत्वपूर्ण काम किया है पर दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है।उदाहरण के लिए अगर फोन–पे या गूगल–पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है तो इससे 80 फीसदी तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है।दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है। यह नवाचार भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोन–पे और गूगल–पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम के छक्के छुड़ा दिए हैं। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोन–पे और गूगल द्वारा गूगल–पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं की अनाधिकृत पहुंच की संभावना पर चिंता बढ़ाता है। क्षेत्रीय भाषाओं या स्थानीय व्यावसायिक जरूरतों के लिए तैयार किए गए यूपीआई ऐप अकसर गूगल–पे और फोन–पे जैसे स्थापित बाजार नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करते हैं। पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के लिए बाजार हिस्सेदारी पर सीमा निर्धारित करने से बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सकती है और प्रणालीगत जोखिम कम हो सकते हैं। फोन–पे और गूगल–पे की बाजार हिस्सेदारी को 30 फीसद तक सीमित करने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के पहले के प्रयास बाजार प्रभुत्व को संतुलित कर सकते हैं। भारतीय स्वामित्व वाले पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर का समर्थन करने से विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भरता कम हो सकती है और नियामक निगरानी में सुधार हो सकता है। यूपीआई ऐप्स के लिए बैकअप सर्वर बनाने से आउटेज या तकनीकी कठिनाइयों के दौरान सेवा में रुकावट को रोका जा सकता है। छोटे खिलाड़ियों को अनुदान या सब्सिडी प्रदान करने से नए विचारों को बढ़ावा मिल सकता है और दी जाने वाली सेवाओं की सीमा बढ़ सकती है। सरकार के नेतृत्व वाली नवाचार चुनौतियां छोटे डेवलपर्स को नए भुगतान समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। मजबूत डेटा गोपनीयता कानून लागू करने से उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को संभावित दुरुपयोग से बचाया जा सकेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भाषा, साहित्य और पत्रकारिता के पथ प्रदर्शक : भारतेन्दु



**डॉ मौसम कुमार ठाकुर**

आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह 'भारतेंदु हरिश्चंद्र' का जन्म 9 सितंबर, 1850 को काशी के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। इनके पिता भी 'श्री गोपालचंद्र' एक प्रतिभाशाली कवि के साथ– साथ हिंदी–उर्दू व संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान थे और "गिरिधरदास" उपनाम से कविता भी लिखा करते थे। इस प्रकार भारतेंदु हरिश्चंद्र को साहित्यिक वातावरण विरासत में ही मिला था। उनकी माता 'पार्वतीदेवी' दिल्ली के दीवान राय खिरोधरलाल की पुत्री थी। बाल्यावस्था में ही भारतेन्दु के सर से माता– पिता का शाया उठ गया था महज पांच वर्ष की अवस्था में माता का निधन और उसके दस वर्ष बाद पिता का भी स्वर्गवास हो गया। माता – पिता के नहीं रहने के कारण आरंभिक वर्षों में अनेक प्रकार के संघर्षों का सामना करना पड़ा। माता–पिता के निधन और व्यक्तिगत कारणों के कारण उनकी शिक्षा पूरी न हो सकी, परंतु विलक्षण प्रतिभा के धनी भारतेंदु हरिश्चंद्र ने आगे स्वाध्याय के बल पर कई भारतीय भाषा सीखी जिनमें संस्कृत, बंगाली, मराठी, गुजराती, पंजाबी व उर्दू शमिल थी। वहीं उस दौर में प्रतिष्ठित लेखक व अंग्रेजी भाषा के ज्ञाता राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द' से उन्होंने अंग्रेजी का ज्ञान प्राप्त किया।

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने भाषा और साहित्य के साथ साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अपना विशेष योगदान दिया था। भारतेंदु हरिश्चंद्र के साहित्य और पत्रकारिता जगत में पर्दापण के समय भारत में ब्रिटिश हुकूमत का शासन था। वहीं गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए उस भारत में अंग्रेजी पढ़ना और लिखना शान की बात समझी जाती थी। किंतु हिंदी के प्रति जनसमुदाय में विशेष आकर्षण का भाव उतना नहीं था। इसी दौर में भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और लेखनी के माध्यम से पत्रकारिता, भाषा और साहित्य के परिष्कार का कार्य करते हुए आम जनमानस तक पहुंचाया। भारतेंदु हरिश्चंद्र ने हिंदी गद्य के विकास में अपना अहम योगदान देते हुए अपनी लेखनी की धार को पत्रकारिता व हिंदी भाषा के उत्थान की ओर मोड़ा। सर्वप्रथम भारतेंदु जी ने 'कविवचन सुधा' नामक पत्र निकाला जिसमें उस दौर के प्रतिष्ठित रचनाकारों की रचनाएँ प्रकाशित होती थी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 1873 में 'हरिश्चंद्र मैगजीन' नाम की एक पत्रिका निकाली लेकिन केवल आठ अंकों के प्रकाशन के बाद इस पत्रिका का नाम बदलकर 'हरीशचंद्र चंद्रिका' रख दिया। यह पत्रिका वर्ष 1880 तक प्रकाशित होती रही जिसके बाद भारतेंदु हरिश्चंद्र ने वर्ष 1884 में 'नवोदिता हरिश्चंद्र चंद्रिका' पत्रिका का संपादन कार्य शुरू किया। किंतु इसके केवल दो ही अंक प्रकाशित हो सके। भारतेंदु जी नारी उत्थान के लिए भी कार्य किया इसके लिए उन्होंने 'बालाबोधिनी' नामक पत्रिका के माध्यम से रचनाकारों को अवसर दिया और इस कार्य को मजबूती प्रदान किया !

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने आधुनिक हिंदी साहित्य की अनेक विधाओं में लगभग 238 ग्रंथो की रचना की थी। इनमें मुख्य रूप से निबंध, कविता, नाटक, आत्मकथा और अनुवाद विधा शामिल हैं। कालजयी रचनाकार भारतेंदु हरिश्चंद्र का हिंदी भाषा के विकास के साथ ही हिंदी के मौलिक नाटकों के विकास में भी विशेष योगदान माना जाता है। इसलिए उन्हें हिंदी नाटक व रंगमंच का युग प्रवर्त्तक भी कहा जाता हैं। बता दें कि भारतेंदु हरिश्चंद्र की कई रचनाएँ जिनमें 'भारत दुर्दशा', 'अंधेर नगरी' (नाटक), 'प्रेमसरोवर', 'प्रेम प्रलाप', 'गीत गोविंद' (काव्य रचनाएँ), 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' (निबंध) विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाया जाता हैं। भारतेन्द्र जी ने भक्ति प्रधान एवं श्रृंगारयुक्त की ओजपूर्ण रचनाएँ की हैं। उनके अंदर अपने देश और भाषा के प्रति गहरी निष्ठा थी –

भारतेन्द्र जी ने भक्ति प्रधान एवं श्रृंगारयुक्त रचनाएँ की हैं। उनमें अपने देश के प्रति बहुत बड़ी निष्ठा थी–

**"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटन न हिय के सूल'।"**

उन्होंने सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन की बात की है, उनकी भक्ति प्रधान रचनाएँ घनानंद एवं रसखान की रचनाओं की कोटि की हैं। उन्होंने संयोग की अपेक्षा वियोग पर विशेष बल दिया है। वे स्वतंत्रता प्रेमी एवं प्रगतिशील विचारक व लेखक थे। उन्होंने माँ सरस्वती की साधना में अपना धन पानी की तरह बहाया और साहित्य को समृद्ध किया। उन्होंने अनेक पत्र–पत्रिकाओं का सम्पादन किया। जीवन के अन्तिम दौर आर्थिक तंगी से गुजरे इसका एक कारण यह भी था कि धन एक बड़ा भाग साहित्य समाज सेवा के लिए लगाया। भारतेंदु जी हमेशा भाषा की शुद्धता के पक्ष में थे। इनकी भाषा बड़ी परिष्कृत एवं प्रवाह से भरी है। भारतेन्दु जी की रचनाओं में उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भली प्रकार देखा जा सकता है!

भारतेन्दु जी ने अपनी प्रतिभा के बल पर हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। हिन्दी गद्य साहित्य को इन्होंने विशेष समृद्धि प्रदान की है। इन्होंने दोहा, चौपाई, छन्द, बरवै, हरिगीतिका, कवित्त एवं सवैया आदि पर काम किया। इन्होंने न केवल कहानी और कविता के क्षेत्र में कार्य किया अपितु नाटक के क्षेत्र में भी विशेष योगदान दिया। किन्तु नाटक में पात्रों का चयन और भूमिका आदि के विषय में इन्होंने सम्पूर्ण कार्य स्वयं के जीवन के अनुभव से सम्पादित किया है।

निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि बाबू हरिश्चन्द्र बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न थे। उन्होंने समाज और साहित्य का प्रत्येक कोना झाँका है। अर्थात साहित्य के सभी क्षेत्रों में उन्होंने कार्य किया है। किन्तु यह ख़ेद का ही विषय है कि 35 वर्ष की अल्पायु में ही वे स्वर्गवासी हो गये थे। यदि ऐसा न होता तो सम्भवतः हिन्दी साहित्य का कहीं और ज़्यादा विकास हुआ होता। यह उनके व्यक्तित्व की ही विशेषता थी कि वे कवि, लेखक, नाटककार, साहित्यकार एवं सम्पादक सब कुछ थे। हिन्दी साहित्य को पुष्ट करने में आपने जो योगदान प्रदान किया है वह सराहनीय है हिन्दी जगत इनकी रचनात्मक सेवा के लिए सदैव ऋणी रहेगा। हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है और अपने रचनात्मक कार्यों से इन्होंने हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में सदा के लिए स्थायी रूप से स्थान बनाया है। अपनी विशिष्ट सेवाओं के कारण ही ये आधुनिक हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल के प्रवर्तक कहे जाते हैं। पंत जी ने इनके बारे में ठीक ही कहा है–

**भारतेन्दु कर गये,**
**भारती की वीणा निर्माण।**
**किया अमर स्पर्शों में,**
**जिसका बहु विधि स्वर संधान।**

बाबू हरिश्चन्द्र हिन्दी साहित्य के आकाश के एक देदीप्यमान नक्षत्र थे। पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

## संक्षिप्त समाचार


### जयपुर के राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में 7 जनवरी एवं 8 जनवरी तक अवकाश

- बढ़ती सर्दी एवं शीतलहर को देखते हुए पहली से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का अवकाश घोषित

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 जनवरी।** शीतलहर एवं बढ़ती हुई सर्दी के दृष्टिगत 7 जनवरी एवं 8 जनवरी 2025 तक जयपुर जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मंजू शर्मा ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीत लहर एवं बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर के निर्देशों की अनुपालना में फैसला लिया गया है। जिसके तहत जिले में संचालित कक्षा एक से 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का दिनांक 7 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक का अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दिनांक पर अवकाश केवल छात्र-छात्राओं के लिए लागू रहेगा तथा समस्त स्टाफ के शिक्षक एवं कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगें। आदेशों की अवहेलना होने की स्थिति में संबंधित संस्था प्रधान अथवा कार्मिकोंकेविरूद्धअनुशासनात्मक कार्यवाही अमल लाई जाएगी।

### साहित्य समाज को संवेदनशील बनाता है : फारुक आफरीदी

- वरिष्ठ लेखिका डॉ सुषमा शर्मा की समीक्षा पुस्तक का लोकार्पण



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 6 जनवरी।** वरिष्ठ साहित्यकार फारुक आफरीदी ने कहा है कि साहित्य समाज को संवेदनशील और सहिष्णु बनाता है एवं सामाजिक बुराइयों के प्रतिकार के लिए प्रेरित करता है। वे ₹शब्द संसार₹ के तत्वावधान में प्राकृतिक योग आश्रम में वरिष्ठ लेखिका डॉ. सुषमा शर्मा की साहित्य समीक्षा की पुस्तक ₹कुछ कही, कुछ अनकही, अनसुनी₹ के लोकार्पण अवसर पर अध्यक्ष के रूप में बोल रहे थे। बहुभाषाविद डॉ, नरेन्द्र शर्मा कुसुम मुख्य अतिथि थे आफरीदी ने कहाकि साहित्य में आलोचना का विशेष महत्व है। इससे रचनाकार की कृति का सही मूल्यांकन होता पाठकों में अभिरुचि जगाता है। आलोचक की सही और निष्पक्ष समीक्षा लेखक के सृजन को मान्यता देती है। आज के लेखकों की प्रायोजित समीक्षाएं पाठकों का भरोसा तोड़ती हैं और यह साहित्य के साथ छल है। डॉ. सुषमा ने कहानी, कविता और निबन्धों की एक सौ से अधिक साहित्यिक कृतियों की निष्पक्ष समीक्षाएं करके साहित्यिक विश्वास को बनाए रखने का प्रयास किया है।₹शब्द संसार₹ के अध्यक्ष और पुस्तक के संपादक श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि डॉ. सुषमा शर्मा सुदीर्घकाल से साहित्य और शोध कार्यों में साधनारत हैं। साहित्य साधना के फलस्वरूप वे अनेक सम्मानों से समादृत हैं। उनकी यह कृति बहुत श्लाघनीय है। प्रारम्भ में लेखक इंद्रकुमार भंसाली ने लेखिका और कृति का परिचय गिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार और प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### जयपुर फैशन एक्सपो 2025 का उद्योग मंत्री के के विश्नोई ने पोस्टर किया विमोचन




**चमकता राजस्थान/जयपुर, 06 जनवरी।** जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से चन्दन वन सीतापूरा में 10-11 जनवरी 2025 को जयपुर फैशन एक्सपो 2025 इंटरनैक्शनल फैशन के कलर फुल ड्रेस के साथ आयोजित किया जायेगा।

मीडिया प्रभारी मोहित टेलर ने बताया इस एक्सहिबिशन में ब्लैक एंड वाइट थीम और पेस्टल कलर चार्ट के साथ गोटा पत्ती और सिक्वेंस स्ट्रिप प्रिंट , व्राइबेंट् कलर , बगरू प्रिंट , सांगानेरी प्रिण्ट से बने परिधान रैंप शो केश किया !फैशन के मिश्रण के माध्यम से एथनिक और फ्यूजन वियर श्रेणी के तहत डिजाइनर अनारकली , कुर्तियों, प्लाजो सूट सेट, इण्डो वेस्ट्रन लहंगा, कुर्तीस ब्लाउज सेट आदि डिस्प्ले किये जायेगे।

पोस्टर विमोचन में गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन , सेक्रेटरी अशोक गुप्ता ,भाजपा प्रदेश प्रभारी अशोक सैनी, शंकर जोशी ,सिद्धार्थ जैन,केशव शुक्ला,किशनचंद, आदि मौजूद रहे।

इस एग्जीबिशन में देश-भर के गारमेंट एजेंट्स भी शामिल है ,जयपुर के अनुभवी गारमेंट मैन्युफैक्चरर अपनी अपनी गारमेंट स्टॉल के माध्यम से अपना अपना कलेक्शन के माध्यम से बायर से ऑर्डर लिए जायेगे।

यहां इस ऐग्जीबिशन में नेपाल, यूएसए, लंदन, बंगलौर, हैदराबाद,चेन्नई, अहमदाबाद, भोपाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ ,दिल्ली, गोवा , रायपुर ,कोटा, भीलवाड़ा , इन्दौर, आसाम , कलकत्ता आदि जगह से कस्टमर ने होलसेल में सभी मैन्युफैक्चरर को ऑर्डर दिया जाएगा।

ये एक्ज़ीबिशन मैन्युफैक्चरर टू होलसेलर के लिए रखा जाएगा। इस एक्ज़ीबिशन के माध्यम से सीतापुरा और मानसरोवर के टॉप 60 मैन्युफैक्चरर को काफ़ी ऑर्डर मिलने की संभावना हे। इस फेयर में अनुमानित 2000 होलसेलर कस्टमर आयेगे। इस एग्जीबिशन में कॉटन ,रेयोन, शिफ़ॉन,जोरजट,सिल्क से बने कुर्तिस, स्कर्ट, प्लाज़ो सेट,अनारकली,जम्पसूट्स इण्डियन एंड वेस्ट्रन परिधान डिस्प्ले किया जाएगा।

# अजमेर दरगाह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से 7 जनवरी को पेश की जायेगी आत्मीय श्रद्धा की चादर

## प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित होगा अकीदत का कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से 7 जनवरी को चादर पेश की जाएगी अजमेर दरगाह में चादर मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती को सौंपी चादर मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया स्वागत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से अजमेर ख्वाजा साहब के उर्स के मुबारक मौके पर मंगलवार 7 जनवरी को चादर पेश की जाएगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती द्वारा मजार शरीफ पर मुख्यमंत्री की ओर से दी गई चादर पेश करेंगें। हमीद खान मेवाती मंगलवार दोपहर 12:00



बजे जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय से रवाना होकर 3:00 बजे अजमेर पहुंचेगे चादर पेश करने के बाद बुलंद दरवाजे से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश पढेंगे।

### इस मौके पर यें पदाधिकारी रहगें मौजूद

, हमीद खान मेवाती, प्रदेशाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, अजमेर दरगाह कमेटी पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान हुसैन खान, सादिक खान, जावेद कुरैशी, जंग बहादुर पठान, महबूब कुरैशी, जावेद कागजी, मुराद अली शेख, फरूद्दीन जैकी, उस्मान चैहान, मो.इरशाद हसनपुरा, परवेज खान, रफीक खान, जावेद खान,

# गहलोत तीन बार के सीएम, सब समझते है लेकिन भ्रम फैलाकर करनी है राजनीतिः मदन राठौड़

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हर वर्ग, हर समुदाय के लिए हर क्षेत्र में किए जनहितैषी कार्यः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पुर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की किसी भी जनहितेषी योजना को बंद नहीं किया लेकिन अगर कांग्रेस ने केवल वाहवाही लूटने के लिए योजना बनाई तो उसकी समीक्षा तो होना लाजमी है। गहलोत सरकार ने 5 साल तक ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण परियोजना को अटकाए रखा लेकिन भाजपा सरकार ने आने के बाद सबसे पहले ईआरसीपी परियोजना पर कार्य किया और एमओयू के बाद टेंडर प्रक्रिया तक शुरू करने का ऐतिहासिक कार्य किया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस बांसवाडा में आंदोलन कर रही है, वो वहां पर पीट रहे है। बांसवाडा, डूंगरपुर और चौरासी में कांग्रेसी अपनी जमानत तक बचा नहीं पाए। हाल ही चुनावों में जनता ने उनको हकीकत बता दी थी, इस क्षेत्र में उनका धरातल ही नहीं है। कांग्रेसी आंदोलन कर अपना धरातल खोज रहे है, उनको प्रयास करना चाहिए। राठौड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा में कार्य थोपे नहीं जाते, यहां समीक्षा के बाद कार्य दिया जाता है। भाजपा संगठन पर्व में निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जा रही है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत तीन बार के मुख्यमंत्री रहे है, वे सब समझते है और सब दिखाई दे रहा है लेकिन उन्हें केवल भ्रम फैलाना है और राजनीति करनी है। इसलिए भाजपा सरकार की ओर से एक साल में किए गए जनहितैषी कार्य कांग्रेसी नेताओं को नजर नहीं आ रहे है। कांग्रेस ने हमेशा भ्रम फैलाया है, कभी संविधान के नाम पर तो कभी ईवीएम के नाम पर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ईआरसीपी पर कार्य करने के साथ पेट्रोल-डीजल के भाव घटाए, किसानों को सम्मान निधि देने का कार्य किया, एमएसपी बढाने का कार्य किया, सड़कों के क्षेत्र में कार्य किया, बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया, 1 लाख सरकारी नौकरी का भर्ती कैलेंडर जारी किया और राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया लेकिन कांग्रेस को बोलना है, इस लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। कांग्रेस को विपक्ष की सकारात्मक भूमिका अदा करनी चाहिए, लेकिन वो उसे निभा नहीं पा रहे।

# गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन से सीख लें युवा : देवनानी

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 6 जनवरी।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि युवा पीढ़ी को गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए। उनके सादगी, बलिदान एवं देश प्रेम के संदेश वर्तमान में भी प्रासंगिक है और इनमें वर्तमान समय की सभी समस्याओं का हल है।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर में गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती पर सिख समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पवित्र गुरुवाणी सुनी, मत्था टेका और लंगर में प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि श्री गुरू गोविन्द सिंह सिक्खों के 10वे गुरु थे। उन्होंने अपने जीवन से त्याग, तपस्या और बलिदान की जो मिसाल पेश की वह इतिहास में सदैव याद की जाएगी। युवाओं को उनसे देश प्रेम के लिए सर्वस्व त्याग की सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह छाबाड़ा, तेजपाल सिंह साहनी, सरबजीत छाबड़ा, यशपाल बेदी सहित सिक्ख समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।

### नंदनवन गो शाला का 14 वा स्थापना दिवस शुरू भागवत कथा 7 जनवरी से होगा पंच कुंडी यज्ञ आरंभ



**चमकता राजस्थान/ अनिल पुष्करणा/फलोदी।** बाप के निकटवर्ती गड़ियाला फांटा पर स्थित नंदनवन गो शाला का 14 वा स्थापना दिवस 6 जनवरी से 14 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा।संस्थापक संत सुखदेव जी महाराज ने बताया कि सोमवार से यज्ञाचार्य बृज लाल शर्मा के सानिध्य में पंचकुंडी मत्स्य महायज्ञ गो माता की आरती के साथ प्रारंभ हुआ।प्रथम दिन मुख्य यजमान ने विधिवत पूजा करवाकर यज्ञ में सुख शांति के लिए आहुतियां दी।संत सुखदेव ने बताया यज्ञ की पूर्णाहुति 14 जनवरी को होगी।संत ने यज्ञ का महत्व बताते कहा हमारी संस्कृति में अग्निहोत्र का बहुत महत्व है।हमारे घरों में नित्य अग्निहोत्र होने चाहिए।यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है।कई प्रकार की औषधीय व देशी गाय का घी यज्ञ में उपयोग किया जाता है जिससे बीमारियां नहीं फैलती। अग्निहोत्र से हमारी संताने पुष्ट होगी उन्हें अच्छे संस्कार मिलेगे। हम सभी को घरों में प्रतिदिन अग्निहोत्र करना चाहिए।बढ़ते प्रदूषण के लिए यह जरूरी है।संत ने बताया हो शाला में यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तथा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होगा।नंदनवन गो शाला मैनेजर मूलदान ने बताया कि वर्तमान में गो शाला में 1000 से अधिक निराश्रित, नेत्रहीन,अपाहिज,दुर्घटना ग्रस्त गौ वंश की 14 वर्ष से निरंतर सेवा की जा रही है। गो शाला विशाल पंडाल में भागवत कथा मंगलवार 7 जनवरी से विशाल जल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी।कथा व्यास संत सुखदेव जी महाराज गड़ियाला फांटा के मुखारविंद से कथा वाचन होगा। कथा नियमित दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगी।कथा का समापन 14 जनवरी को होगा।गो शाला मैनेजर मूल दान ने बताया कि वर्ष भर में गो सेवा के कार्यों में आर्थिक योगदान, अन्य सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान 14 जनवरी पूर्णाहुति पर किया जाएगा।स्वागत समिति के सदस्य बचन सिंह बिदावत ने बताया कि वार्षिक कार्यक्रम में भामाशाह कुलरिया परिवार पदमाराम जी के सुपुत्र कानाराम शंकरलाल,धर्मचंद जी मुख्य अतिथि होंगे।

प्रवक्ता गो सेवक अक्षय कुमार ने बताया मंगलवार से प्रतिदिन बाप से 10 बजे प्रातः हनुमान मंदिर से बस कथा के लिए उपलब्ध रहेगी।सवरागाव , नोख से भी बस की व्यस्था रहेगी।

# उदयपुर में ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत डीएसटी व थाना हिरणमगरी की संयुक्त कार्रवाई

## अवैध गेमिंग प्लेटफार्म पर विभिन्न खेलों पर खिलाते थे सट्टा, युवती सहित 03 गिरफ्तार

### साइबर ठगी करने में प्रयुक्त लेपटॉप, कई सारे मोबाईल, सैकडों की तादाद में सिम व विभिन्न फर्मो की मोहरे, कई सारे चैक बुक, एटीएम कार्ड व फर्जी खाता धारकों की पासबुक सामग्री जब्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/उदयपुर!(खलील कुरैशी) 6 जनवरी। उदयपुर जिले में डीएसटी व थाना हिरणमगरी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत अवैध प्रतिबंधित गेमिंग प्लेटफार्म पर विभिन्न खेलों पर सट्टा खिलाते के मामले में आरोपी युवती सहित 03 जनों को गिरफ्तार किया है। जिनसे साईबर ठगी में प्रयुक्त लेपटॉप, कई सारे मोबाइल, सैकडों की तादाद में सिम, विभिन्न फर्मों की मोह-रे, कई सारे चैक बुक, एटीएम कार्ड व फर्जी खाता धारकों की पासबुक सामग्री जब्त की गई है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि आरोपी आयुष पुत्र गिरीराज निवासी नाई की तलाई, कालाजी गोराजी, अमल का कांटा, सुरजपोल, पूजा पुत्री प्रभूराम निवासी मीनावास, स्वरूपगंज



थाना भावरी जिला सिरोही हाल सेक्टर 5, हिरणमगरी एवं राजेन्द्र कुमार पुत्र करता राम पेशा निवासी चरली थाना आहोर जिला जालोर हाल गायरीयावास सर्कल उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी आयुष अवैध प्रतिबंधित गेमिंग वेबसाइट संचालित करता है, जबकि बैंक कर्मी पूजा बैंकिंग संबंधी काम और बीटेक कर प्राइवेट जॉब कर रहा राजेंद्र,आयुष के कहने पर बैंक खाता उपलब्ध कराता था।एसपी गोयल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन साईबर शील्ड के तहत एएसपी उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित पुलिस के सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी श्याम सिंह रत्नू व एसएचओ दर्शन सिंह मय टीम द्वारा आसूचना के आधार पर नाकाबंदी कर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गयागिरफ्तार आरोपियों के पास से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से साईबर ठगी करने में प्रयुक्त सामग्री लेपटॉप, कई सारे मोबाईल, सैकडों की तादाद में सिम, विभिन्न फर्मों की मोहरे, कई सारे चैक बुक, एटीएम कार्ड व फर्जी खाता धारकों की पासबुक इत्यादि सामग्री पाई गई। गिरफ्तार आरोपी जब्त किये गए सिम का प्रयोग अवैध गतिविधियों में करते थे, विभिन्न फर्मों की मोहरों को प्रयोग पैसों के लेनदेन व फर्जी तरीक से खाते खोलने इत्यादि में करते थे।

### वारदात करने का तरीका

गिरफ्तार अभियुक्त आयुष प्रतिबंधित अवैध गेमिंग वेबसाईट आल पैनल एक्सच डॉट कॉम, वर्ल्ड 999, टाईगर 365, किंगहेक्सच व 22 प्ले पर लोगों को प्रेरित कर उनकी गेमिंग आईडी बनाता व आरोपी पूजा एक प्राइवेट बैंक में जॉब करती। आयुष के कहने पर यह भोले भाले लोगों के बैंक में खाते खुलवाने, खाता धारक के खाते का बैलेंस सम्बन्धित जानकारी देने, बैंक के सिस्टम से खाता धारक के बैंक बैलेंस, हस्ताक्षर के नमूने व अन्य गोपनीय सूचनाएं आयुष को उसके वॉट्सअप नम्बर पर उपलब्ध करवाती थी। जबकि राजेन्द्र कुमार आयुष के मांगने पर लोगों के बैंक खाता खुलवा कर खाता धारको के बैंक खाते का कीट किराये पर देता था। इस प्रकार आयुष, पूजा तथा राजेन्द्र कुमार के द्वारा लोगों को लालच में डाल उन्हे स्वयं द्वारा अवैध रूप से संचालित गेमिंग प्लेटफार्म वेबसाईट पर क्रिकेट तथा अन्य खेलों पर सट्टे का दांव लगाने के लिये प्रेरित कर प्राप्त रकम को अन्य आम व्यक्तियों के नाम पर खुलवाए गये बैंक खातों में डलवा रूपये ऐठ लेते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### साईबर फ्रोड की 23 हजार रूपये की राशी करवाई रिफण्ड

**चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी।** साईबर फ्रोड की 23000 रूपये की राशी रिफण्ड करवाकर परिवादी को दिलाई। जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी श्रीमति पूजा अवाना ने बताया कि थाना चाखू हल्का क्षेत्र के मोटाई निवासी कुलदीप के साथ हुए साईबर फ्रॉड पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्रॉड राशि को होल्ड/फ्रीज करवाकर पीड़ित के बैंक खाता में रिफण्ड करवाने में सफलता हासिल की हैं। परिवादी कुलदीप निवासी मोटाई को अज्ञात कॉलर ने लालच देकर 23000 रूपये की ऑनलाईन साईबर फ्रॉड कर लिया। बाद में कुलदीप को ज्ञात हुआ कि वह साईबर फ्रॉड का शिकार हो गया है, जिस पर पीड़ित द्वारा राष्ट्रीय साईबर अपराध हेल्पलाईन नम्बर 1930 व साईबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई।

● **कार्यवाही पुलिसः-**

जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना द्वारा जारी आदशों की पालना में श्री ब्रजराजसिंह चारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी के निर्देशन में भवानीसिंह इन्दा कानि. (साईबर सैल फलोदी) व रेंवतराम कानि. थाना चाखू द्वारा पीड़ित की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थी के बैंक खातों से जिन खातों में राशि ट्रांसफर हुई, उन खातों पर सम्बंधित बैंक के नोडल अधिकारियों से सम्पर्क कर समन्वय स्थापित कर फ्रॉड राशि को होल्ड/फ्रिज करवाई गई। तत्पश्चात मामले की जांच कर न्यायालय से आदेश करवाकर फ्रॉड राशि को पीड़ित कुलदीप के बैंक खाता में रिफण्ड करवाया गया। हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने साईबर फ्रॉड के बचाव के लिए सावधानियां रखने की अपील की है ।

### गोल्ड कॉइन जिम ने बढ़ाया फलोदी का मान जीते इंडिया में पांच मेडल



**चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी।** फलोदी लक्ष्मीपुरा स्थित गोल्ड कॉइन जिम्नेजियम के सुनील माली व खुशबू चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर पांच मेडल जीत कर फलोदी गौरवान्वित किया। गोल्ड कॉइन जिम्नेजियम के कोच वासुदेव थानवी ने बताया कि राष्ट्रीय स्ट्रैंथ व इंकलाइन बैच प्रेस प्रतियोगिता में जिम के दो स्ट्रैंथ लिफ्टरों ने फलोदी को गौरवान्वित किया।

थानवी ने बताया कि हरियाणा के लोहारू में स्थित द्वय दिवसीय इस प्रतियोगिता में सुनील माली ने एक गोल्ड,एक सिल्वर व एक ब्रोंज स्ट्रैंथ,हैक व इंकलाइन में कुल तीन तथा खुशबू चौधरी ने इंकलाइन बैंच में सिल्वर मेडल व एक हैक लिफ्टिंग में सिल्वर जीत फलोदी का नाम रोशन किया।

दोनों लिफ्टरों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिम के सभी सदस्यों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए मुंह मीठा कराया तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फलोदी का परचम फहराने की शुभकामनाएं दी।

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरु गोबिंद सिंह की ऐतिहासिक तलवार की पूजा-अर्चना की




**चमकता राजस्थान/जयपुर, 6 जनवरी।** सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में विराजमान गुरु जी की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथा हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेंगी। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया।

गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर यह तलवार सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में आगंतुकों, पर्यटकों और आमजन के दर्शन के लिए रखी गई है।

गौरतलब है कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश) में व्यतीत किया था। तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की थी। राजमाता पद्मिनी देवी, जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं।

### (खनौरी)खनौरी बॉर्डर पर महापंचायत : डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया, पुलिस अलर्ट

खनौरी/एजेंसी। केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों ने हल्ला बोल दिया है। ठंड के मौसम में भी किसान अपनी मांगे मनवाने के लिए लगातार धरने पर बैठे हुए है। वहीं, हरियाणा पंजाब के खनौरी बार्डर पर किसानों द्वारा महापंचायत की जा रही है।

महापंचायत में कई किसान भारी तदाद में पहुंचे हुए है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया है। जोकि थोड़ी देर में किसानों को संबोधित करेंगे। जगजीत डल्लेवाल के आमरण अनशन को 40 दिन हो चुके है। उन्होंने देशभर के किसानों से बातचीत के लिए 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर पहुंचने की अपील की थी। वहीं, दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा की हरियाणा के टोहाना में महापंचायत हो रही है। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को केंद्र चला रहा है। केंद्र इस आंदोलन को लंबा खींचना चाहता है।

किसानों की महापंचायत को लेकर हरियाणा में पुलिस अलर्ट पर है। बॉर्डर पर महापंचायत में जाने वालों को रोका जा रहा है। जगह-जगह पर पुलिस को तैनात किया गया है।

## भाजपा वालों, तुम्हारा दूल्हा कौन है : आप

# दिल्ली में सिर्फ़ एक ही आवाज़ गूंज रही है, आप-दा नहीं सहेंगे : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी रविवार, 05 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी के मतदाताओं से आगामी 2025 दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मौका देने की अपील की। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार किसी 'त्रासदी (आप-दा) से कम नहीं है।'

### भाजपा ही दिल्ली का विकास कर सकती है

पीएम मोदी ने रोहिणी के जापानी पार्क में 'परिवर्तन रैली' को संबोधित करते हुए कहा, 'हमें दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी बनाने की जरूरत है। मैं दिल्ली के लोगों से अपील करना चाहता हूं कि वे दिल्ली के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को मौका दें, यह भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है। पिछले 10 सालों में दिल्ली ने जो सरकार देखी है, वह 'आप-दा' से कम नहीं है। अब, हम दिल्ली में केवल 'आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे' सुन सकते हैं। दिल्ली विकास चाहती है और दिल्ली के लोगों को भाजपा पर भरोसा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि वे दिल्ली के लिए हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करने आए हैं।


### 'आप-दा' नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'दिल्ली में सिर्फ़ एक ही आवाज़ गूंज रही है, आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। अब दिल्ली विकास की भूमि चाहती है और मुझे खुशी है कि दिल्ली भाजपा पर भरोसा करती है। भाजपा पर भरोसा किया जाता है क्योंकि यह एक ऐसी पार्टी है जो सुशासन लाती है। भाजपा सेवा की भावना से काम करती है, सपने पूरे करती है और विकास के लिए समर्पित है, हर नागरिक के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।'

### 'आप' ने पूछा- तुम्हारा दूल्हा कौन?

आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 14 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में एक घोड़ा सजधज कर तैयार खड़ा है। इस वीडियो के जरिए आप बीजेपी के दिल्ली सीएम के चेहरे को लेकर सवाल उठा रही है। वीडियो में पूछा जा रहा है कि बिना दूल्हे का घोड़ा किसका है। क्या यह घोड़ा भाजपा का है? बीजेपी का है तो दूल्हे का नाम बताएं। वीडियो को कैप्शन दिया, 'भाजपा वालों, तुम्हारा दूल्हा कौन है।'





### बीजेपी सुशासन में विश्वास करती है

पीएम मोदी ने कहा कि लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं क्योंकि यह एक ऐसी पार्टी है जो सुशासन में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर नागरिक के विकास और कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल पूरे देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे और विकसित भारत मिशन में दिल्ली का योगदान जरूरी है। उन्होंने कहा, ''मैं अभी-अभी दिल्ली के लिए हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने आया हूं। हम 2025 के साल में हैं। आने वाले 25 साल दिल्ली और पूरे देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

## पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, कोस्ट गार्ड का हेलीकॉप्टर क्रैश; दो पायलट समेत तीन की मौत

**पोरबंदर/एजेंसी।**

गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय तटरक्षक बल का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। नियमित ट्रेनिंग उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। आईसीजी अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर में दो पायलट समेत तीन लोग सवार थे। इस घटना में तीनों की मौत हो गई है। उड़ान भरने के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई जिसके कारण विमान क्रैश हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि यह घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। उन्होंने बताया कि आईसीजी का एडवांस्ड



लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चालक दल के तीनों सदस्यों को बाहर निकाला गया और गंभीर रूप से जली हुई हालत में पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। कमला बाग थाने के निरीक्षक राजेश कनमिया ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों की अस्पताल में मौत हो गई।

### अबूझमाड़ में नक्सली मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद



**बस्तर/एजेंसी।** दक्षिण बस्तर के अबूझमाड़ में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया गया और साथ ही भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार भी जब्त किए गए। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में संयुक्त टीम ने तीन वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर किया है। बता दें कि नक्सल विरोधी सर्च ऑपरेशन में 3 जनवरी 2025 को नायारणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की टीमें अबूझमाड़ में रवाना हुई थी। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 4 जनवरी को शाम में मुठभेड़ शुरू हुई थी और इस दौरान दोनों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी का सिलसिला जारी रहा। हालांकि, इस दौरान सर्च टीम को भारी सफलता हासिल हुई और उन्होंने चार नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही एके 47, एसएलआर जैसे ऑटोमैटिक गन आदि हथियारों को जब्त किया। जानकारी के मुताबिक इस मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए।

### कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग : नीरज कुमार

**पटना/एजेंसी।**

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को आमरण अनशन स्थल से पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थी पहले ही प्रशांत किशोर को नकार कर पुनर्परीक्षा में शामिल हो गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग बात है। जदयू नेता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में आमरण अनशन उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। जिला प्रशासन के कई बार के आग्रह के बाद भी वह अपने प्रचार के लिए अनशन पर बैठे रहे।

जदयू नेता ने इसे राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने प्रशांत किशोर को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति आपके बूते के बाहर की चीज है। आप लोग वैनिटी वैन में वास करने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों को आम आवाम भी पहचानती है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर पटना के गांधी मैदान पर अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस ने पहले ही अनशन को गैरकानूनी बताया था। सोमवार को सुबह पुलिस गांधी मैदान पहुंची और प्रशांत किशोर को हिरासत में ले लिया। इस बीच उनके समर्थकों ने बवाल किया।

प्रशासन पहले ही कह चुका थी कि प्रशांत किशोर एवं कुछ अन्य लोगों के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के समक्ष अवैध ढंग से धरना दिया जा रहा है।

### आयुष जायसवाल ने नासिर पठान बन महाकुंभ में बम धमाके की धमकी दी, बिहार से गिरफ्तार

**पूर्णिया/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम आयुष कुमार जायसवाल है। उसने पिछले दिनों नासिर पठान के नाम से सोशल मीडिया पर महाकुंभ मेला को उड़ान की धमकी दी थी। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। यूपी पुलिस ने उसे पूर्णिया जिले की भवानीपुर पुलिस के सहयोग से शनिवार को शहीदगंज पंचायत स्थित वार्ड 4 से गिरफ्तार किया। भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आयुष ने नासिर बनकर 31 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसमें महाकुंभ में बम धमाका करने की धमकी दी गई थी। यूपी की प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया और जांच शुरू की। पूर्णिया के एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि शहीदगंज से आयुष जायसवाल को यूपी पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। उसके संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है।

## 12 जनबरी को होगी जनसभा

# हलैना जनसभा की तैयारी में पोस्टर का विमोचन

**चमकता राजस्थान**

**हलैना (राजवीर सिंह)।** पानी के मुद्दें और तमाम किसान समस्याओं को लेकर 12 जनवरी को कस्वा हलैना में होने जा रही किसानों की जनसभा की तैयारी में जारी किये पोस्टर का पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और अनेक किसानों ने विमोचन किया ।

किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने बताया कि ग्राम ललिता मूड़िया में सोमवार को परशुराम मन्दिर पर आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर का विमोचन किया गया । पंड़ित रामकिशन ने कहा कि खेती का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है ' तीन दशकों में 40 हजार किसान आत्महत्या कर चुके है । खेती मंहगी होने के कारण कर्जा बढ़ता जा रहा है ।सिंचाई पानी का इंतजाम होने के बाद खेती का लागत घटेगी और किसान खुशहाल हो जायेंगे । उन्होंने सभी किसानों और मौजूद लोगों से 12 जनवरी की सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की ।




### पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक आयेंगे

जबकि किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने लोगों को बताया कि 12 जनवरी को हलैना के निड़र पार्क में होने बाली जनसभा में मुख्य अतिथि किसान नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक मुख्य अतिथि होगे । इस मौके पर जिले भर से आये अनेक किसानों ने पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### डकैतों ने मचाया आतंक, गोली और बम से किया हमला, तीन लोग घायल

**अररिया ।** अररिया के कुसार्कांटा के बलचंदा गांव में रविवार की देर रात एक किराना दुकान में डकैतों ने खूब आतंक मचाया। बताया जा रहा है की करीब डेढ़ दर्जन हथियार से लैस आए अपराधियों ने दुकानदार का विरोध करने पर गोलीबारी और बमबाजी की। इसमें दुकानदार के बेटे के बांए हाथ में गोली लग गई,जबकि दो अन्य लोग बम के छर्रे से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी जख्मी को पूर्णिया के मैक्स अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया गया है। दुकानदार के घर से डकेतों ने एक लाख रुपए नगद को लूट लिया। इस घटना की सूचना पर अररिया एसपी और एएसपी देर रात घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अररिया एसडीपीओ राम पुकार सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी टीम का गठन कर दिया गया है। एफएसएल की टीम फिलहाल जांच में जुट गई है। वही, इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस मामले की तफदीस में जुट गई है।

### अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ स्कॉर्पियो जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बहादुरगंज अररिया मुख्य मार्ग एनएच 327ई में हड़वा चौक के समीप अंग्रेजी शराब से भरे एक स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त किया। मामले में पुलिस ने मधेपुरा जिला के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के हनुमानपट्टी के रहने वाले 28 वर्षीय मिथुन कुमार पिता - संतो मालाकार को गिरफ्तार किया।पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या बीआर10पीए/9201 की जब तलाशी ली तो उसमें से 213 लीटर विभिन्न ब्रांडों के अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया। मामले को लेकर जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि रविवार शाम को शराब की बड़ी खेप की सड़क मार्ग से बहादुरगंज से जोकीहाट की तरफ आने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई हेतु एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर जोकीहाट थानाध्यक्ष के नेतृत्व में जोकीहाट थाना की एक पुलिस टीम गठित की गई।गठित टीम के द्वारा एनएच 327ई पर हड़वा चौक के पास सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया था। वाहन चेकिंग के क्रम में एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन से करीब 213 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। तत्पश्चात शराब तस्करी के आरोप में बरामद शराब एवं वाहन को विधि सम्मत जब्त करते हुए वाहन चालक 28 वर्षीय मिथुन कुमार पिता संतों मालाकार को हिरासत में लिया गया।

### फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 2.25 लाख लूटकांड मामले में सात माह बाद दो गिरफ्तार

**अररिया।** भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के कर्मचारी से पिछले साल हथियार का भय दिखाकर 2.25 लाख रुपये और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स समान लूटकांड मामले में नगर थाना पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। 22 जुलाई 2024 को हथियारबंद दो अपराधियों ने नगर थाना क्षेत्र के संदलपुर पोखर के समीप फाइनेंस कंपनी के फील्ड स्टाफ से 2.25 लाख रुपये व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की लूट की घटना को अंजाम दिया था।घटना के बाद पीड़ित कंपनी के कर्मचारी कटिहार जिला के बरारी थाना के सुजापुर गांव निवासी चंद्रशेखर कुमार मिस्त्री ने नगर थाना में आवेदन दिया था। कि उक्त लूटकांड की घटना में शामिल गिरफ्तार अपराधी नगर थाना क्षेत्र के संदलपुर वार्ड संख्या 15 के मो. तारिक पिता मो मुफरेजुल व संदलपुर वार्ड संख्या 13 निवासी मो. परवेज पिता स्व. अलाउद्दीन है। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अपराधी के पास से लूट में शामिल बैग व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की बरामदगी हुई है। गिरफ्तारी टीम में नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक, अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, एसआई कुमार ऋषिराज, चौकीदार करण पासवान सहित थाना के रिजर्व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### जर्नलिस्ट्स क्लब की वार्षिक खेल का आयोजन

**कोलकाता।** कलकत्ता जर्नलिस्ट्स क्लब ने वार्षिक खेल आयोजित किया गया। रविवार, 5 जनवरी को, संगठन के सदस्य और उनके परिवार कोलकाता में 'एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया, पश्चिम बंगाल राज्य इकाई' के मैदान में यूनिट हुए थे। खेल प्रतियोगिता में छोटे बच्चों से लेकर पचास वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तक ने विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं गयी। दौड़, चम्मच-शूटिंग, बैलेंस रेस, किक द बॉल, हिट द विकेट आदि कुल तेरह स्पधाओं में लगभग 120 प्रतियोगियों ने भाग लिया। खेल प्रशासक बाबुन बनर्जी, पूर्व फुटबॉलर अर्जुन शांति मल्लिक, पूर्व कबड्डी खिलाड़ी अभिजीत पालित, लेखक और पत्रकार कलकत्ता जर्नलिस्ट्स क्लब के शंभू सेन ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। उस दिन कलकत्ता जर्नलिस्ट्स क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों सहित लगभग 250 लोग उपस्थित थे।

### नवयुवक संघ ने गरीबों में वस्त्रों वितरण किया

**कोलकाता ।** नवयुवक संघ की पहल पर केशव चंद्र सेन स्ट्रीट में क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, गर्म कपड़े, व्हील चेयर, फल और केक का वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक देबाशीष कुमार, प्रबंध रॉय, संजय बख्शी, स्मिता बख्शी, संजय रॉय, सौम बख्शी, प्रियंकु पांडे, प्रदीप मजूमदार, संजीव आचार्य, भास्कर सिन्हा के अलावा सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। प्रदेश में सर्दी का प्रकोप अभी भी जारी है। और इस सर्दी के मौसम में नवयुवक संघ संकटग्रस्त लोगों के साथ खड़ा रहा। नवयुवक संघ की ओर से केशवचंद्र सेन स्ट्रीट में व्हील चेयर के साथ सर्दी के कपड़े यानी कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।

# 'दलीय राजनीति में सबसे सफल हैं ममता' : कुणाल

संवाददाता

**कोलकाता।** दलीय राजनीति में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की सफलता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भी पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, पार्टी के महासचिवों में से एक कुणाल घोष ने पार्टी नेत्री को उनके जन्मदिन पर बोले हैं। समझना चाहता है कि नेताजी जैसे देशभक्त, जो आजादी के सपने को साकार करने के लिए सशस्त्र संघर्ष में कूद पड़े, उन्हें भी अलग राजनीतिक दल बनाने में ज्यादा सफलता नहीं मिली। इस लिहाज से कुणाल का दावा है कि ममता बनर्जी ने दलगत राजनीति में देश में सबसे सफल मिसाल कायम की है।



आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, 5 जनवरी को ममता बनर्जी का जन्मदिन है। हालांकि उनका वास्तविक जन्मदिन दुर्गाष्टमी के दिन होती है। उस जानकारी को ममता ने अपनी किताब 'एकांते' में उजागर किया है। लेकिन पार्टी के सहयोगी 5 जनवरी को नेत्रि जी के जन्मदिन के तौर पर मनाते हैं। ऐसे दिन पर तृणमूल के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेत्रि जी की तुलना सुभाष चंद्र बोस से की। उनके शब्दों में, "अगर आप कांग्रेस को देखें तो ईमानदारी से कहें तो अलग पार्टी बनाने के बाद भी नेता जी सुभाष चंद्र बोस दलगत राजनीति में सफल नहीं हो सके। वह एक ऐतिहासिक क्रांतिकारी हैं। हालांकि, वह संसदीय राजनीति में एक पार्टी बनाने में विफल रहे। और उस स्थान पर सबसे सफल ममता बनर्जी हैं। कुणाल घोष ने इस संदर्भ में दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की तुलना ममता बनर्जी से भी की। उन्होंने कहा, "प्रणब मुखर्जी भी अलग पार्टी बनाने में असफल रहे हैं। परिणामस्वरूप, अगर कोई बंगाल की धरती पर अपनी अलग पार्टी बनाने में सफल हुआ है, तो वह केवल ममता बनर्जी हैं।ह्व विपक्ष ने उनकी टिप्पणी की आलोचना शुरू कर दी है। बीजेपी नेताओं का कटाक्ष, नेताजी से ममता की तुलना! स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, कुणाल घोष ने अपनी टिप्पणी पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा, केवल दलीय राजनीति के क्षेत्र में ही ममता बनर्जी की आसमान छूती सफलता की तुलना में नेताजी या प्रणब बाबू का जिक्र होता है। नेताजी एक आदर्श देशवासी हैं, उनकी कोई तुलना नहीं है।

## भारत के 95 मछुआरे व बांग्लादेश के 90 मछुआरे घर लौटे

संवाददाता

**कोलकाता।** लंबा इंतजार हुआ खत्म। आखिरकार, भारत के 95 मछुआरे और बांग्लादेश के 90 मछुआरे घर लौटे। रविवार दोपहर करीब 12 बजे दोनों देशों ने बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में कैदियों की अदला-बदली की। शनिवार को भारत में फंसे 90 बांग्लादेशी मछुआरों और पश्चिम बंगाल में 95 भारतीय मछुआरों को दोनों देशों के तट रक्षक बलों ने हिरासत में ले लिया। फिर हमेशा की तरह इस दिन कैदी अदला-बदली की प्रक्रिया पूरी की गई। पिछले अक्टूबर और नवंबर में डायमंड हार्बर के 6 ट्रॉलरों को बांग्लादेश की जलसीमा में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 95 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पटुआखाली ले जाया गया और जेल में डाल दिया गया, अतिक्रमण का मामला भी दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिरासत में लिए गए मछुआरों को रिहा करने के लिए केंद्र पर दबाव डाला। दूसरी ओर, भारत में जल सीमा पार करने के आरोप में 90 बांग्लादेशी मछुआरों और उनके दो जहाजों को हिरासत में लिया गया। सुंदरबन समुद्री मछुआरा श्रमिक संघ के सचिव सतीनाथ पात्रा ने कल कहा कि काकद्वीप के 12 बांग्लादेशी मछुआरों और ओडिशा में फंसे 78 बांग्लादेशी मछुआरों को शनिवार सुबह हल्दिया ले जाया गया। कुल 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश लौटें। वहीं, बांग्लादेश की जेल से 95 भारतीय मछुआरों को पहले ही रिहा किया गया। इनमें से ज्यादातर दक्षिण 24 परगना के नामखाना, काकद्वीप में रहने वाला है। हकीकत में भी वैसा ही हुआ। नए साल के पहले हफ्ते में दोनों देशों के मछुआरों को रिहा कर दिया गया।

## पासपोर्ट मामले का रहस्य सुलझाने के लिए और अधिक पुलिसकर्मी व होम गार्ड की तलाश

संवाददाता

**कोलकाता।** पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार पूर्व पुलिसकर्मी ही नहीं कई अन्य पुलिसकर्मी भी जांचकर्ताओं की निगरानी में हैं । जो मुख्य रूप से विभिन्न थाना क्षेत्रों में पासपोर्ट संबंधी जानकारी की जांच करते थे। लालबाजार के सूत्रों के मुताबिक, एक होम गार्ड भी जांचकर्ताओं की निगरानी में है। जांचकर्ता बंदियों से पूछताछ और उनकी भूमिका की जांच कर गिरोह के नेटवर्क का खुलासा करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, लालबाजार को यकीन है कि यह नेटवर्क काफी दूर तक फैला हुआ है।

फर्जी पासपोर्ट मामले में जासूसों ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस के पूर्व सब-इंस्पेक्टर अब्दुल हाई को अशोकनगर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया थे। अब्दुल एक साल पहले कोलकाता पुलिस से सेवानिवृत्त हुए थे। यह सब-इंस्पेक्टर 2019 से अक्टूबर 2023 तक सुरक्षा नियंत्रण संगठन (एससीओ) में पासपोर्ट वेरिफिकेशन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। आरोप है कि उस वक्त उन्होंने पैसों के बदले फर्जी पासपोर्ट की जानकारी की पुष्टि करने के लिए गैंगस्टरों से हाथ मिलाया था। अब्दुल से पूछताछ और उसके बैंक रिकॉर्ड देखने पर जांचकर्ताओं को कई लाख रुपये के लेनदेन के निशान मिले। पासपोर्ट मामले में पहले से फंसे समरेश विश्वास, मनोज गुप्ता समेत कई लोगों के खाते से कई बार में अब्दुल को करीब 15 लाख रुपये भेजे गये। इस पैसे का लेन-देन पिछले दो साल में किया गया था। इसके अलावा जांचकर्ताओं को पता चला है कि कई लाख रुपये का लेनदेन नकद में किया गया था।

पुलिस को पता चला है कि मनोज और उसके साथियों ने पिछले कुछ सालों में 150 से ज्यादा फर्जी पासपोर्ट बनाए हैं। इनमें से 51 पासपोर्ट की जानकारी अब्दुल ने वेरिफाई की। यह पता चला है कि सुरक्षा नियंत्रण संगठन के अधिकारी पासपोर्ट जानकारी की पुष्टि करने के मामले में सम तिथियों पर प्रभारी थे। विषम तिथियों पर, स्थानीय पुलिस अधिकारी प्रभारी होता था। समरेश और मनोजे ने जानबूझकर डेटा वेरिफिकेशन की तारीखें सम तारीखों पर रखीं, यानी, जिस दिन अब्दुल प्रभारी थे।

जांचकर्ता अब यह देख रहे हैं कि शेष 51 पासपोर्टों की जानकारी का वेरिफिकेशन किसने किया। जिससे इस चक्र में और भी पुलिसकर्मियों के शामिल होने की आशंका बढ़ती जा रही है। कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका को लेकर पहले से ही पुलिसकर्मियों के मन में सवाल हैं। लालबाजार ने कई लोगों से बातचीत का सिलसिला भी शुरू कर दिया है। कुछ लोगों के मामले में अपने थाना क्षेत्र से बाहर पड़ोसी थाने की पासपोर्ट जानकारी की जांच करने का मामला भी देखा गया है। कोलकाता पुलिस के एक होम गार्ड की भूमिका की भी जांच की जा रही है। लालबाजार के एक अधिकारी ने कहा, "हिरासत में बंदी लोगों से पूछताछ की जा रही है। और कौन जुड़ा है, ये देखा जा रहा है।

## चुनाव आयोग ने जारी की राज्य की अंतिम मतदाता सूची, करीब सात लाख नाम दिए गए

संवाददाता

**कोलकाता।** राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने राज्य की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। नई सूची से करीब सात लाख मतदाताओं के नाम बाद दिये गये हैं। सूची में 10 लाख 78 हजार नये मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं। यह मतदाता सूची 1 जनवरी 2025 की गणना के अनुसार तैयार की गई है। नई मतदाता सूची से बाद दिया गया अधिकांश नामों के वोटर कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। आयोग द्वारा करीब चार लाख वोटर कार्ड को अवैध घोषित किया गया है, जिनमें से अधिकतर वोटरों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दूसरे राज्यों में चले गये करीब तीन लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिये गये हैं। इसके अलावा 9 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम सूची में दो जगह (दोहरे मतदाता) दर्ज हैं। उनको भी बाद दिया गया है।

बीजेपी ने हाल ही में इस राज्य की वोटर लिस्ट को लेकर कई तरह



की शिकायतें की हैं। पिछले महीने, भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय का दौरा किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में 17 लाख से अधिक लोगों के नाम दो बार शामिल किये गये। बीजेपी ने दावा किया कि उनमें से 32 हजार 886 के पास एक ही फोटो पहचान पत्र है लेकिन नाम अलग-अलग जगहों पर हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि कई मामलों में मृत मतदाताओं के नाम सूची से बाद नहीं किए गए।

हाल ही में सीमा पर घुसपैठ को लेकर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं। इन पर अवैध रूप से भारत आने और फर्जी दस्तावेज बनाने का भी आरोप है। कोलकाता में हाल ही में एक कार्यक्रम में राज्य के मंत्री और तृणमूल नेता फिरहाद हकीम ने बताया कि यह देखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में नाम फर्जी दस्तावेज दिखाकर या गलत नामों से दर्ज किए जा रहे हैं या नहीं। इस विवाद के बीच राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने सोमवार को राज्य की नई मतदाता सूची जारी कर दी। नई सूची के मुताबिक 6 लाख 96 हजार 670 लोगों के नाम बाद दिए गए हैं। जिसमें से 9 हजार 130 ऐसे लोगों के नाम बाहर कर दिए गए हैं जिनके नाम दो-दो जगह थे। इस बार की अंतिम मतदाता सूची में राज्य में 7 करोड़ 63 लाख 96 हजार 165 मतदाता हैं। इनमें 3 करोड़ 87 लाख 93 हजार 743 पुरुष मतदाता हैं। 3 करोड़ 76 लाख 611 महिला वोटर। तृतीय लिंग के 1 हजार 811 मतदाता। फिलहाल देश में चार बार वोटर लिस्ट में नाम जोड़े और हटाए जाते हैं। इसके बाद अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर महीने में यह प्रक्रिया दोहराई जाएगी।

## लाठी के दम पर लोक तंत्र को कुचलना चाहती है बिहार सरकारः अख्तुरुल ईमान

एजेंसी

**किशनगंज।** 70वीं बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी के बाद राजनीति गर्म हो चुकी है। गौर करे कि रविवार देर रात को पटना में अनशन कर रहे प्रशांत किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उन्हें जमानत भी मिल गयी है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने सोमवार को पत्रकार वार्ता कर कहा कि प्रशांत किशोर को थप्पड़ मारे जाने की बात सामने आ रही है अगर ऐसा किया गया है तो यह बहुत ही गलत बात है और यह थप्पड़ प्रशांत किशोर को नहीं बल्कि लोकतंत्र को मारा गया है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा बिहार सरकार को भुगतना पड़ेगा। नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन करने की सबको छूट है क्या सरकार गंगा जल से धुली हुई है ? उन्होंने कहा कि बीपीएससी के चेयरमैन पर खुद कई आरोप लगे हुए है और सरकार दमनकारी नीति अपना रही है इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थी जिनके कंधे पर कल बिहार की व्यवस्था होगी उनके साथ ये अन्याय नहीं होना चाहिए और फिर से परीक्षा लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर जो भी लड़ाई अभ्यर्थियों और राजनैतिक दलों के द्वारा लड़ी जा रही है उसका वो पूरी तरह समर्थन करते है। अख्तुरुल ईमान ने कहा कि बिहार में सरकार पूरी तरह फेल है और अफसर शाही हावी है।उन्होंने राज्य सरकार पर डंडे के बल पर सरकार चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ की बात करने वाली सरकार में बेटियों पर लाठी बरसाई जा रही है जिसमें की बेटी आईसीयू में भर्ती है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी पार्टी साथ खड़ी है।

## दुकान में चोरी करने पहुंचे बदमाशों ने की बमबाजी और गोलीबारी

एजेंसी

**अररिया ।** जिले के कुसाकांटा थाना क्षेत्र के बलचंदा वार्ड संख्या-15 में मध्य रात्रि एक बजे एक दर्जन से अधिक की संख्या में बदमाशों ने किराना कारोबारी महेंद्र प्रसाद केसरी के दुकान में पहुंचकर चोरी करने का प्रयास किया।किराना कारोबारी के जागने और शोरगुल पर बदमाशों ने बमबाजी और गोलीबारी भी की। जिसमें किराना कारोबारी महेंद्र प्रसाद केसरी को गोली लगने से वह घायल हो गया और उसे सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। सूचना के बाद रात को ही एसपी अंजनी कुमार,एएसपी रामपुकार सिंह और कुसाकांटा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस ने दुकान और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को भी खंगालना शुरू कर दिया है।घटना की तकनीकी जांच के लिए फोरेंसिक साइंटिफिक लेबोरेट्री (एफएसएल) और डॉग स्क्वायड



के साथ डीआईयू टीम की सहायता ली जा रही है। घटना को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार,रात्रि करीबन एक बजे करीबन 15 की संख्या में अज्ञात बदमाशों द्वारा दुकान का दरवाजा पीछे से कटर से काटकर दुकान में प्रवेश किए। बदमाशों द्वारा दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था।

इसी दौरान किराना कारोबारी महेंद्र प्रसाद केसरी की नींद खुल गई और वे शोरगुल करने के साथ दुकान में चोरी का प्रतिरोध करने लगे।जिस पर बदमाशों द्वारा गोलीबारी एवं बमबाजी किया गया। जिसमें कारोबारी महेंद्र प्रसाद केसरी के पैर में गोली लगी है। जिन्हें ईलाज हेतु पहले कुसाकांटा पीएचसी और फिर वहां से समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना कुसाकांटा थाना को दी गई।जिसके बाद कुसाकांटा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन प्रारम्भ कर दिया।मामले की जानकारी रात को ही एसपी और अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों को भी दी गई।जिसके बाद एसपी अंजनी कुमार और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया।

### भागलपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**भागलपुर।** जिला प्रशासन के आदेश से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। इसको लेकर सोमवार को घंटाघर चौक पर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सड़क किनारे स्थित कई दुकान पर बुलडोजर चलाया गया एवं दुकान में रखे सामान को जब्त किया गया। नगर निगम अतिक्रमण शाखा प्रभारी सतीश कुमार चौधरी ने कहा कि लगातार इन दुकानदारों को नोटिस के साथ समझाया भी जा रहा था कि अपने दुकान सड़क पर ना लगावें। इसके बावजूद भी इन लोगों के द्वारा सड़क किनारे दुकान लगाया जा रहा था, जिसके बाद आज जिला प्रशासन के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। दुकानदार का कहना था कि पहले जिला प्रशासन हम लोग को दुकान लगाने का एक जगह दे तभी हम लोगों का दुकान को हटाया जाए। ऐसे में हम लोगों को रोजी-रोटी पर आफत आ गयी है।

**जयंती** पांच दिवसीय स्वामी विवेकानंद मिलन मेला का आयोजन

## पांच दिवसीय मेला में स्वामी विवेकानंद के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास

एजेंसी

**कोलकाता।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय स्वामी विवेकानंद मिलन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का आयोजन विवेकानंद पाठचक्र द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसका सहयोग संस्कार भारती और सिमला व्यायाम समिति जैसे प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा किया जाएगा। यह मेला 10 से 14 जनवरी तक सिमला व्यायाम समिति और काली सिंघी पार्क में स्वामी शिवमयानंद मंच पर आयोजित होगा। कार्यक्रम की निगरानी रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास और सांस्कृतिक केंद्र द्वारा



की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, मेले में विभिन्न सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें वैदिक मंत्रोच्चार, शास्त्रीय संगीत, कीर्तन, भजन, सामूहिक गायन, नृत्यांजलि और नाटक प्रमुख हैं। संगीत वाद्ययंत्र जैसे हारमोनियम, तबला, संतूर, पखावज और बांसुरी का विशेष प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही योगासन, लाठी खेल, चित्रकला प्रतियोगिता और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित करने के कार्यक्रम भी होंगे। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की स्मृति में पदयात्रा भी आयोजित की जाएगी। 10 जनवरी को कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद पाठचक्र के वैदिक मंत्रोच्चार से होगी। उद्घाटन संगीत मुकुलिका गोबरडांगा की ओर से प्रस्तुत किया जाएगा। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व रामकृष्ण मठ और मिशन के सह-संघाध्यक्ष श्रीमद स्वामी गिरीशानंद करेंगे। अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास के सचिव स्वामी ज्ञानलोकानंद करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में अधिवक्ता अनिंद्य कुमार मित्रा, पूर्वांचल संस्कृति केंद्र के निदेशक आशीष गिरी और भारतीय संग्रहालय के सह-निदेशक डॉ. सायन भट्टाचार्य मौजूद रहेंगे। 11 जनवरी को युवा सम्मेलन, चित्रकला प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चर्चा आयोजित होगी। इस चर्चा में वक्ता रहेंगे रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शताब्दी कॉलेज, रहड़ा के प्राचार्य स्वामी कमलास्थानंद, त्रिपुरा और मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुभाष सरकार और एमकेएआईएएस के निदेशक डॉ. स्वरूप प्रसाद घोष। 12 जनवरी को गायक पंडित कुमार बोस को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही शास्त्रीय संगीत का आयोजन होगा। 13 जनवरी को अमिय कुमार मजूमदार स्मारक व्याख्यान दिया जाएगा, जिसमें वक्ता होंगे प्रोफेसर शक्ति प्रसाद मिश्र। इस दिन की अन्य गतिविधियों में कर्नाटक संगीत, कीर्तन और नाटक युगावतार श्रीरामकृष्ण का मंचन शामिल होगा।

14 जनवरी को संस्कार भारती द्वारा सामूहिक गायन के साथ भक्ति गीत, संगीत-नृत्यांजलि और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। यह पांच दिवसीय मेला स्वामी विवेकानंद के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास है।

## मजदूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को मिला बल,राजद ने दिया नैतिक समर्थन

एजेंसी

**अररिया।** ऑल इंडिया फूड एंड एम्प्लाइज वर्क्स यूनियन के आह्वान पर फारबिसगंज कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) स्थित बिहार राज्य भंडार निगम के दर्जनों मजदूरों का मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवे दिन सोमवार को भी जारी रहा। हड़ताली मजदूरों ने एफसीआई गोदाम के मुख्य दरवाजे को जामकर धरना पर बैठकर ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। पांचवे दिन प्रदर्शन स्थल पर राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव ई. आयुष अग्रवाल पहुंचकर मजदूरों से बातचीत की एवं उनके समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें नैतिक समर्थन प्रदान किया। साथ हीं ई. आयुष अग्रवाल ने कहा कि मजदूरों के एक शिष्टमंडल को अनुमंडल पदाधिकारी शैलजा पांडे से मुलाकात करवाई जाएगी और उनके हक और हकूक के लिए मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवेदक को भी इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए और जो हक मजदूरों का है उसे अतिशीघ्र देना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि अगर मजदूरों को उनका हक नहीं मिलता है तो फिर वे उनकी मांग के समर्थन में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार से भी मुलाकात करेंगे। मजदूर यूनियन के नेताओं ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 50 किलो वजन के बोरे की लोडिंग व अनलोडिंग की मजदूरी 2 रुपये 60 पैसा दिया जा रहा है जबकि सरकारी दर 11 रुपया 64 पैसा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेसी सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' जीतने वाले पुरुष फुटबॉलर बने



**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी ने 4 जनवरी को अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली जब उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकार एक्स हैंडल पर पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की। यह पदक उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की समृद्धि, मूल्यों या सुरक्षा, विश्व शांति या अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक, सार्वजनिक या निजी प्रयासों में योगदान दिया हो। मेसी यह पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर (सॉकर खिलाड़ी) बन गए और 2022 में मेगन रेपिनो के बाद इस खेल से दूसरे खिलाड़ी बन गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें अर्जेंटीना के खिलाड़ी 19 प्राप्तकर्ताओं में से एक थे। मेसी के क्लब इंटर मियामी ने एक बयान में कहा मेसी ने कार्यक्रम से पहले व्हाइट हाउस को बताया कि वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं और यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। हालांकि, शेड्यूल में टकराव और पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण, वे इसमें शामिल नहीं हो पाए।

### कोपा डेल रे से बाहर हुए लास पालमास, वलाडोलिड



**मैड्रिड।** कोपा डेल रे के तीसरे दौर में रविवार को दो और उलटफेर देखने को मिले, जिसमें ला लीगा की टीमें निचली लीग की प्रतिद्वंद्वी टीमों से हार गईं। दूसरे डिवीजन की एल्चे ने शीर्ष स्तर की लास पालमास के खिलाफ घरेलू मैदान पर 4-0 से जोरदार जीत दर्ज की, जिसमें घरेलू टीम ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और हाफटाइम के स्ट्रोक पर रोड्रिगो मेंडोजा के गोल से बढ़त हासिल की। इसके बाद एल्चे ने ब्रेक के बाद डेविड एफेंग्रुबर, जोस सेलिनास और निकोलस फर्नांडीज के गोल की मदद से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम-16 में प्रवेश किया। तीसरे दर्जे की ओरेंस ने दो बार पीछे से वापसी की और फिर ला लीगा के सबसे निचले क्लब वलाडोलिड को 3-2 से हरा दिया।

### लीजेंड 90 लीग: चमक बिखेरने को तैयार शिखर धवन, हरभजन सिंह और सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** लीजेंड 90 क्रिकेट लीग का उद्घाटन संस्करण फरवरी में शुरू हो रहा है। 90 गेंदों वाले इस लीग में दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गज एक साथ खेल के मैदान में उतरेंगे और यह लीग खेल को पूरी तरह से बदल देगी। सात फ्रैंचाइजी- छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स के साथ खेल के अविस्मरणीय जश्न के लिए मंच तैयार है। शिखर धवन और रॉस टेलर दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि क्रिस गेल बिग बॉयज के लिए अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स की कमान संभालेंगे और हरभजन सिंह हरियाणा ग्लेडिएटर्स के लिए अपना जादू बिखेरेंगे।

### चोट से जूझ रहे थंडर की मदद के लिए रिटायरमेंट से वापस लौटे डैन क्रिस्टियन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई टी20 के दिग्गज डैन क्रिस्टियन संन्यास से वापस आ गए हैं और बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोट से जूझ रहे सिडनी थंडर की मदद के लिए आगे आए हैं। 41 वर्षीय ऑलराउंडर ने आखिरी बार दो साल पहले सिडनी सिक्सर्स के लिए पेशेवर रूप से खेला था और तब से थंडर में सहायक कोच के रूप में काम कर रहे हैं। क्रिस्टियन ने सिक्सर्स की बीबीएल 12 सेमीफाइनल में ब्रिसबेन हीट से हार के बाद से कोई पेशेवर क्रिकेट मैच नहीं खेला है, लेकिन वह एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता में यूएनएसडब्ल्यू के साथ फिट रहने में लगे हुए हैं। वह 40 की उम्र में बीबीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों के एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो जाएंगे, जिसमें ब्रैड हॉज, पीटर सिडल, फवाद अहमद और दिवंगत शेन वार्न शामिल हैं।

# आयरलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

● हरफनमौला खिलाड़ी सायली सतघरे पदार्पण के लिए तैयार हैं

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को शामिल नहीं किया गया है, उनकी जगह स्मृति मंधाना को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि दीप्ति शर्मा उपकप्तान होंगी।

हरफनमौला खिलाड़ी सायली सतघरे पदार्पण के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ की मध्यमगति की गेंदबाज सायली घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलती हैं, जबकि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में वो गुजरात जायंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं।

**आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम**

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), तेजल हसबनीस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तीतास साधु, साइमा ठाकोर, सायली सतघरे।

आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के मैच 10, 12 और 15 जनवरी को खेले जाएंगे, तीनों मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में होंगे।

## ऑकलैंड ओपन 2025 : पहले ही दौर से बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली। एजेंसी**



सुमित नागल का ऑकलैंड ओपन अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सोमवार को पहले दौर के मुकाबले में उन्हें 20 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन के खिलाफ 6-7 (8-10), 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने पहले सेट में दमखम दिखाया और छह सेट प्वाइंट बचाकर आखिरकार सेट अपने नाम कर लिया।

हालांकि, दुनिया में 41वें नंबर के खिलाड़ी मिशेलसन ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट जीतकर मैच बराबर कर दिया। तीसरा सेट पूरी तरह से अमेरिकी खिलाड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कई बेहतरीन शॉट लगाए, जिससे कई मौकों पर नागल की भी प्रशंसा हुई। हालांकि भारतीय खिलाड़ी निर्णायक गेम में 2-3 से बराबरी करने में सफल रहे, लेकिन मिशेलसन ने अपना दबदबा बनाए रखा और मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले विश्व में 96वें नंबर के खिलाड़ी नागल ने रविवार को शानदार खेल दिखाया था। उन्होंने फ्रांस के एड्रियन मानारिनो को सीधे सेटों में हराकर मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की थी।

## ऋषि धवन ने भारतीय सीमित ओवरों के क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय ऑलराउंडर ऋषि धवन ने सीमित ओवरों की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। धवन ने यह घोषणा विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप चरण के अंतिम दिन के बाद की, जिसमें हिमाचल प्रदेश अगले चरण में जगह नहीं बना पाया। हालांकि, सोशल मीडिया हैंडल पर धवन की रिटायरमेंट की घोषणा में सीमित ओवरों के क्रिकेट का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जिससे पता चलता है कि वह रणजी सीजन के शेष भाग में हिमाचल के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। 34 वर्षीय धवन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें से सभी चार मैच उन्होंने वर्ष 2016 में खेले हैं। वह पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे हैं, लेकिन हाल ही में हुई नीलामी में उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला।

धवन ने अपने बयान में कहा मैं भारी मन से भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से संन्यास की घोषणा करना चाहता हूं, हालांकि मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरे जीवन को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत यादें दी हैं जो हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेंगी। साधारण शुरूआत से लेकर सबसे बड़े मंचों पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने तक, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट मेरा जुनून रहा है और हर सुबह उठने का मेरा कारण रहा है।

## अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराकर पहली बार बहु-टेस्ट द्विपक्षीय सीरीज जीती

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने सर्वाधिक 25 रन बनाए

अफगानिस्तान ने सोमवार को बुलावायो में जिम्बाब्वे को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से हराकर अपनी पहली द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला जीत हासिल की। बुलावायो में ही खेला गया पहला टेस्ट ड्रॉ समाप्त हुआ था। 2017 में टेस्ट दर्जा हासिल करने के बाद से यह अफगानिस्तान की 11 मैचों में चौथी जीत है।

इसकी एकमात्र बहु-खेल टेस्ट श्रृंखला जिम्बाब्वे के खिलाफ दो बार हुई है, जिसमें से पहली, 2021 में खेली गई थी, जो 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में दूसरे टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। अफगानिस्तान के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और टीम केवल 157 रनों पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने सर्वाधिक 25 रन बनाए, वहीं जिम्बाब्वे के लिए सिंकदर रजा और न्यूमन न्यामहुरी ने 3-3 विकेट लिए, जबकि ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2 और रिचर्ड नगारवा ने 1 विकेट लिया।

जवाब में जिम्बाब्वे ने कप्तान क्रेग इर्विन (75) और सिकंदर रजा (61) के अर्धशतकऔर सीन विलियम्स के 49 रनों की पारी की बदौलत अपनी पहली पारी में 243 रन बनाए और 46 रनों की बढ़त हासिल की।

# यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक

**नई दिल्ली। एजेंसी**



बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अनुमोदित यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में निवेश किया है। यह एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है, जिसमें तीन सदस्य क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स ने को-ऑनर के रूप में निवेश किया है। ईटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक चलेगा और इसमें तीनों देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ मिलकर असली यूरोपीय शैली में खेलेंगे। यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है।

ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श मंच है। 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूँ। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरुआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएं और खेल शुरू करें। ईटीपीएल के लिए एक औपचारिक लॉन्च इवेंट का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा, जिसमें फ्रैंचाइजी स्वामित्व, नाम और ब्रांड सहित प्रमुख फ्रैंचाइजी और प्रशंसक जानकारी का खुलासा किया जाएगा, साथ ही खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बारे में विवरण दिया जाएगा।

ईटीपीएल की निदेशक प्रियंका कौल ने कहा छह टीमों - डबलिन, बेलफास्ट, एम्स्टर्डम, रॉटरडैम, एडिनबर्ग और ग्लासगो - के साथ शुरू होने और प्रमुख मीडिया भागीदारों द्वारा व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के साथ, टूर्नामेंट दुनिया भर के दर्शकों तक पहुचेगा, जिसमें यूरोप, भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड कुछ प्रमुख बाजार हैं। अभिषेक का खेलों के प्रति गहरा जुनून और इस पहल में उनका उत्साह अमूल्य है। हम इस यात्रा में उनके साथ इस रोमांचक सहयोग को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

### क्रिकेट मंच पर यूरोपीय क्रिकेट के लिए एक जबरदस्त मंच प्रदान करे : वारेन ड्यूट्रोम

लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस कार्य समूह को प्रमुख निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को संचालित करने और टूर्नामेंट के प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रशासनिक इकाई की स्थापना और संसाधन की देखरेख करने का काम सौंपा गया है। क्रिकेट आयरलैंड के सीईओ और ईटीपीएल के अध्यक्ष वारेन ड्यूट्रोम ने अभिषेक की भागीदारी का स्वागत करते हुए कहा खेल के प्रति उनका गहरा जुनून और उद्यमशीलता की सूझबूझ यूरोपीय क्रिकेट की स्थिति और प्रोफाइल को ऊपर उठाने के हमारे दृष्टिकोण में जबरदस्त मूल्य जोड़ती है। आईसीसी के समर्थन, हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति अभिषेक की प्रतिबद्धता, साथ ही रूल्स स्पोर्ट टेक के सौरव, प्रियंका और धीरज द्वारा टूर्नामेंट में लाई गई असाधारण विशेषज्ञता के साथ, हमें विश्वास है कि हम एक ऐसा क्रिकेट अनुभव बना सकते हैं जो खेल को ऊपर उठाए, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करे और वैश्विक क्रिकेट मंच पर यूरोपीय क्रिकेट के लिए एक जबरदस्त मंच प्रदान करे।

### क्रिकेट विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक देखा जाने वाला खेल है : सौरव बनर्जी

ईटीपीएल के निदेशक सौरव बनर्जी ने इस क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा क्रिकेट, जो विश्व स्तर पर दूसरा सबसे अधिक देखा जाने वाला खेल है, यूरोप में महत्वपूर्ण गति प्राप्त कर रहा है। इस क्षेत्र से 108 आईसीसी सदस्यों में से 34 के साथ, हमारा लक्ष्य क्रिकेट को यहां एक प्रमुख खेल बनाना है, एक ऐसी विरासत का निर्माण करना है जिसका खिलाड़ी, प्रशंसक और हितधारक गर्व से जश्न मना सकें। क्रिकेट आयरलैंड के समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता, जो पिछले एक साल से हमारे साथ अथक प्रयास कर रहा है। हम अभिषेक के साथ मिलकर काम करने के लिए भी उत्सुक हैं, जिनकी खेलों के प्रति प्रतिबद्धता और सक्रिय भागीदारी वास्तव में प्रेरणादायक रही है।

## व्यापार

## स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का आईपीओ खुला




**नई दिल्ली। एजेंसी**

स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का पहला आरंभिक सार्वजनिक निर्गम सोमवार को निवेशकों के लिए खुल गया है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 133-140 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी की योजना 410.05 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी के शेयर 13 जनवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होंगे। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का नए साल में लॉन्च होने वाला ये पहला आईपीओ है, जिसमें निवेशक 8 जनवरी, 2025 तक निवेश कर सकते हैं। इंजीनियरिंग इक्यूपमेंट बनाने वाली कंपनी के 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इश्यू में निवेशक न्यूनतम 107 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। 210 करोड़ रुपये मूल्य वाले 1.50 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू और 200.05 करोड़ रुपये के 1.43 करोड़ ऑफर फॉर सेल शेयरों का कॉम्बिनेशन है। कंपनी इस निर्गम से प्राप्त 10 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मशीनरी और उपकरणों की खरीद, कुछ बकाया उधारों और भुगतान के लिए 130 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए 30 करोड़ रुपये तथा 20 करोड़ रुपये सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए करेगी।

### सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,850 रुपये से लेकर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,290 रुपये से लेकर 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## वित्त मंत्री ने ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की।

सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के संबंध में हुई। बजट-पूर्व परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट के बारे में ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझना था। हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ यह बातचीत सरकार की वार्षिक बजट-पूर्व परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतियों को आकार देने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए विविध क्षेत्रों से इनपुट एकत्र करना है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा इस बैठक में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। इस बजट से प्रमुख आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने और विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

## ऊपरी स्तर से सेंसेक्स में 1,751 अंक और निफ्टी में 538 अंक तक की गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारत में भी कोरोना जैसे संक्रामक ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के मामले मिलने, तिमाही नतीजे में गिरावट आने की आशंका बढ़ने और कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। बाजार में मची अफरा तफरी के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,750 अंक से भी अधिक टूट गया। इसी तरह निफ्टी भी ने भी ऊपरी स्तर से 535 अंक से अधिक का गोता लगाया। हालांकि कारोबार के अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के दौरान हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक दिन के निचले स्तर से मामूली रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.59 प्रतिशत और निफ्टी 1.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए? पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और पीएसयू बैंक इंडेक्स 3.5 प्रतिशत से अधिक टूट गए। इसी तरह रियल्टी, एनर्जी और मेटल इंडेक्स में भी करीब 3 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, टेक, ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल, कैपिटल गुड्स और आईटी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

ब्रॉडर मार्केट में भी आज चौतरफा बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई।

# राज्य सरकार आधारभूत ढाँचे को मज़बूत कर अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कटिबद्ध : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। वर्ष 2024 को राजस्थान के इतिहास में विकास वर्ष के रूप में जाना जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान में एक ऐतिहासिक बजट पेश किया गया, जिसमें राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास की महत्वकांक्षी परियोजनाओं को शामिल किया गया।

ख़ास बात ये कि राज्य सरकार ने बजट में घोषित इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मजबूती से प्रयास किये और यही कारण है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने राज्य में बन रहे नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवेज के लिए 30 करोड़ की लागत से डीपीआर बनाने का काम शुरु कर दिया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में टोल कलेक्शन को पारदर्शी बनाने के लिए सभी टोल प्लाजा पर फास्ट-टेग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राज्य राज-मार्गों से होने वाली आय में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। दिया कुमारी ने कहा कि फास्ट-टेग से टोल कलेक्शन का फ़ैसला, राजस्थान में पीपीपी मोड पर आधारभूत ढाँचे के विकास में, एक दूरगामी फ़ैसला साबित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार टेक्नोलोजी और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की सेवा एप्प को लांच किया गया है, जिस पर आम नागरिक सड़कों की स्थिति के बारे में शिकायत अधिकारियों तक पहुँचा सकता है और उस पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सड़कों की स्थिती को सुधारने के लिए अधिकारियों को लगातार फील्ड में रहने के भी निर्देश दिये है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत ढाँचे के विकास से अर्थव्यस्था की नसों को मज़बूत किया जा रहा है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोज़गार के भरपूर अवसर मिले और उद्योग धंधो के विकास के साथ साथ स्वरोजगार के अवसरों में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो। मेरा प्रयास रहा है कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में हस्तकारो, शिल्पकारों और महिला उद्यमियों की भी समुचित भागीदारी हो।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में साल 2024 में राज्य में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए 14679 करोड़ रुपये के लागत से 20470 किलोमीटर सड़कों का विकास कार्य किया गया है, जिसमें से 8868 किमी नयी सड़कें है। इसके साथ ही ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए 4228 किमी मिसिंग लिंक सड़कों का भी निर्माण किया गया है। दस हज़ार से ज्यादा आबादी वाले गाँवों में अटल प्रगति पथ बनाये जा रहे है।



राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए 326 किमी सड़कों का निर्माण पीपीपी-वीजीएफ-एन्यूटी-ईपीसी के नियमों के तहत किया जा रहा है। इनमें से 7 परियोजनाओं को काम एक वर्ष में पूरा कर लिया गया है और 6 अन्य परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

राज्य की प्रत्येक विधानसभा 5 करोड़ की लागत से 3220 किमी मिसिंग लिंक और नॉन-पेचेबल सड़कों के काम स्वीकृत किये गये, जिन्हे 31 जुलाई, 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। पश्चिमी सीमा क्षेत्र में बार्डर चौकियों तक सड़कों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थाई मरम्मत के लिए 964.43 करोड़ रुपये की वित्तिय स्वीकृति जारी कर दी गई है और इस राशि से प्रदेश में वर्षा से क्षतिग्रस्त लगभग 2328 कार्यों की स्थायी मरम्मत करवाई जायेगी। इस राशि से सड़क पुल आदि की मरम्म्त करवाई जायेगी।

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार का पिछले एक साल में प्रयास रहा है कि राजस्थान को एक विकसित प्रदेश बनाने के लिए उद्योग-धंधो का तेज़ी से विकास हो।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन को मूर्त रूप देने के लिए पीएम गतिशक्ति योजना से प्रेरणा लेते हुए हमने चार स्टेट-हाईवेज पर इंटेलीजेन्ट ट्रेफ़कि मेनेजमेन्ट सिस्टम प्रणाली को लागू करने का नीतिगत निर्णय लिया, ब्लैक स्पॉट में इंजीनियरिंग सुधार और पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा देने के लिए बायो बिटुमिन के उपयोग के निर्देश जारी किये।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के पहले ही साल में आयोजित हुए राईजिंग राजस्थान समिट की सफलता इस बात का प्रमाण है कि निवेशक राज्य की डबल-इंजन सरकार की गति और राजस्थान की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मेरा ये प्रयास रहेगा कि राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत ढाँचे और कनेक्टिविटी संबंधित सभी समस्याओं का हमेशा के लिए निराकरण कर, विकास के पथ को सुगम बनाया जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान डीलर युनियन, जिला फलोदी का नववर्ष स्नेह मिलन आयोजित

- कांग्रेस सेवादल के नव नयुक्त जिला उपाध्यक्ष व महासचिव का किया सम्मान



**चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा। फलोदी।** राजस्थान डीलर युनियन, जिला फलोदी का नववर्ष स्नेह मिलन सुरेन्द्रसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता मे रखा गया जिसमे फलोदी शहर एवं ग्रामीण राशन डिलरो ने भाग लिया ।

जिला मुख्यालय के नगर परिषद उद्यान मे एकत्रीत हुए राशन डिलरो ने ऋद्धी ४स्त्र योजना का प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया व डिलरो को वितरण मे आ रही समस्याओं की चर्चा भी कि गई।

इस अवसर पर राशन डिलरो ने काग्रेस सेवादल के नव नयुक्त जिला उपाध्यक्ष शंकरलाल पालीवाल व महासचिव शैतानसिंहजी का बहुमान व माल्यापर्ण द्वारा सम्मान किया गया।

इस बैठक मे सुरेन्द्रसिंह राजपुरोहित, भगवतीलाल जोशी, प्रवीण शर्मा, शकंरलाल पालीवाल, शौतानसिंह बावड़ी, जयकिशन बोहरा, शिवसिंह देवड़ा, प्रवीण व्यास, विजय कुमार व्यास, भागीरथ मेघवाल, विशाल बोहरा, हितेश पुरी, सन्तोष पालीवाल, कैलाश गर्ग आदि राशन डीलर उपस्थित रहे।

### गुरु गोविंद सिंह जयंती ,हर्षोल्लास के साथ मनाई



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी । चौमहला /झालावाड़।** गुरु गोविंद सिंह जयंती पर्व कस्बे में सब्जी मंडी स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में धूम धाम से मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह अपने पिता गुरु तेंग बहादुर के बाद सिखों के दसवें व अंतिम गुरु थे ,गुरु गोविंद सिंह ने संत और सैनिक दोनों के रूप में दृढ़ आध्यात्मिक सिद्धांतो और भगवान के प्रति गहन समर्पण से महान कद प्राप्त किया इन्होंने देश ,धर्म के लिए अपनी बलिदान दिया ,सिखों के पवित्र ग्रंथ ₹गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया ,वर्ष 1676 में मात्र नो वर्ष की आयु में गुरु गोविंद सिंह को सिख धर्म का दसवां गुरु बनाया ,इन्होंने मुगलों व अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और सत श्री अकाल का नारा दिया था इनके बारे में जितना लिखा जाय कम है ,इनका उपनाम संत सिपाही गोविंद राय था , इनका जन्म22 सितंबर 1666 को पटना बिहार में हुवा था ,माता पिता का नाम गुजरी ,श्री गुरु तेंग बहादुर व पत्नी का नाम माता जीतो ,माता सुंदरी ,माता साहिब देवा था ,व इनके चार बच्चों के नाम ,अजित सिंह ,जोरावर सिंह ,जुझार सिंह ,फतेह सिंह था , आज इनकी जयंती पर कस्बे के गुरु द्वारा साहिब पर सामूहिक अरदास के बाद लंगर का आयोजन किया गया ।

## आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा गुरु गोविन्द सिंह की 358वीं जयंती धौलपुर में मनाई गई

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर में आज दिनांक 6/1/2025 को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के द्वारा धौलपुर जिला कार्यालय पर गुरु गोविन्द सिंह जी की 358वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में चन्द्रशेखर मौर्य (प्रदेश महासचिव, अरढ राजस्थान), मुकेश व्यास (जिला प्रभारी, धौलपुर), और राजकुमार ओरिया (जिला अध्यक्ष, धौलपुर) ने कार्यक्रम में भाग लिया। चन्द्रशेखर



मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु गोविन्द सिंह जी ने अपने जीवनभर समाज की उन्नति और धर्म की रक्षा के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, इस कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से वहोरीलाल, मनोज मौर्य , प्रेम, मौर्च, राहुल बर्मा, विनोद जायसवाल, पुनीत, फरीद खान, और इनायत खा, वासीकी शामिल थे। इस अवसर पर सभी ने गुरु गोविन्द सिंह जी के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## ‘धौलपुर पुलिस खेलकूद टूर्नामेंट 2024 और नववर्ष मिलन समारोह आयोजित’

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के नेतृत्व में 2024 के धौलपुर पुलिस खेलकूद टूर्नामेंट का द्वितीय चरण पुलिस लाइन धौलपुर और ब्रज एकेडमी सुरजीत नगर धौलपुर में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, जवानों और कार्मिकों में ड्यूटी के दौरान मानसिक तनाव को कम करना, खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। टूर्नामेंट में बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, बालीबाल जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी और जवान उत्साह



के साथ शामिल हुए। साथ ही, नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य में एक सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों ने एकजुट होकर खुशी का जश्न मनाया। इस अवसर पर सुमित मेहरडा ने सभी पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह, खेल भावना और सहयोग का माहौल था, जो पुलिस विभाग के समर्पण को और मजबूत करता है।

## बाड़ी में किन्नर समाज का वार्षिक सम्मेलनः 500 किन्नरों ने की शिरकत, जजमानों के लिए खुशहाली की कामना



**चमकता राजस्थान धौलपुर रामदास तरुण।** जिला धौलपुर के बाड़ी शहर में किन्नर समाज द्वारा 5 दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में लगभग 500 किन्नरों ने भाग लिया। यह भव्य आयोजन बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में हुआ। सम्मेलन के दौरान किन्नर समाज के लोग धार्मिक अनुष्ठान, भजन- कीर्तन और पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते हुए अपने जजमानों के लिए खुशहाली और समृद्धि की कामना करते रहे।

इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न स्थानों से किन्नर समाज के सदस्य पहुंचे, जिनमें धौलपुर, आगरा, मुरैना, ग्वालियर, दिल्ली, लक्ष्मणगढ़, भरतपुर, मथुरा और वृंदावन प्रमुख थे। किन्नर समाज की स्थानीय मुखिया रूपाली नायर की चेला सपना बाई ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य किन्नर समाज के बीच भाईचारे और एकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान किन्नरों ने पारंपरिक गीतों और भजन-कीर्तन के साथ रौनक बढ़ाई, जिनमें समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान किया गया। धार्मिक अनुष्ठान और नृत्य के द्वारा उन्होंने अपने समुदाय की समृद्धि और समाज के अन्य वर्गों के लिए सुख-शांति की कामना की। सम्मेलन के अंत में सभी किन्नरों ने एकजुट होकर अपने जजमानों के अच्छे भविष्य के लिए प्रार्थना की और यह संकल्प लिया कि वे समाज में समानता और सम्मान के लिए काम करेंगे। यह आयोजन किन्नर समाज के लिए एक प्रेरणा और समर्थन का प्रतीक बना, जिसने एकता और सामूहिक सौहार्द का संदेश दिया।

## भगवान परशुराम सेवा सदन में प्रतिभा सम्मान एवं नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** जिला धौलपुर में भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान परशुराम सेवा सदन पर समाज का प्रतिभा सम्मान एवं नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संत शिरोमणि अवधूत श्री श्री 1008 पागल बाबा के सानिध्य में शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और भगवान परशुराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर, माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष पी सी बौहरा ने की। मंच




पर ट्रस्ट के संस्थापक उपाध्यक्ष दुर्गादत्त शास्त्री और संरक्षक समिति के संयोजक डॉ. रामरज लाल शर्मा भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, जिला न्यायाधीश प्रीति नायक, न्यायाधीश नम्रता पारीक और न्यायाधीश प्रगति नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष पी सी बौहरा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे में सीखने की इच्छा पैदा करना है। उन्होंने समाज की प्रगति के लिए काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि जो कोई भी अपने जीवन में किसी बच्चे की मदद करता है, वह हमारे लिए एक नायक है।

भा.ज.पा. नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षा को समाज की प्रगति की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से अंधविश्वास और कुरीतियों का नाश होता है और हर किसी को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। जिला न्यायाधीश प्रीति नायक ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता मेहनत से मिलती है, और कठिनाइयों में भी अवसर छुपे होते हैं। न्यायाधीश नम्रता पारीक ने हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मुश्किलें आएंगी, लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। कार्यक्रम में 12वीं, 10वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर और प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा खेलकूद और विभिन्न सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा ने किया, और कार्यक्रम के समापन पर शैक्षणिक प्रकोष्ठ समिति के सहसंयोजक विशंभर दयाल शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। समारोह में ट्रस्ट के सदस्य और समाज के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929